विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 35 अंक 310 | कोरबा, शुक्रवार , दिनांक 09 अगस्त 2024 डाक 10 अगस्त 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

**विविधा**
नई दिल्ली में मानसून सत्र के दौरान संसद भवन में प्याज और अन्य सब्जियों की बढ़ती कीमतों के खिलाफ विभिन्न विपक्षी



**देश-विदेश**
नागचंद्रेश्वर मंदिर के खुले पट, आधी रात भक्तों की उमड़ी भीड़, लगाए जयकारे



**फीचर पेज**
सुबह हर 10-15 मिनट पर बजता है अलार्म तो बदल लें अपनी आदत, वरना होगा ये नुकसान



## पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर बदली डीपी

**नईदिल्ली, 09 अगस्त [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर अपनी डीपी बदल ली है। प्रधानमंत्री ने इसके साथ ही विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर अपनी प्रोफाइल तस्वीर (डीपी) पर राष्ट्रीय ध्वज लगाया और इस अभियान की शुरुआत की। उन्होंने लोगों से भी ऐसा करने का आग्रह किया। 77वें स्वतंत्रता दिवस से पूर्व उन्होंने देश के नागरिकों को खास संदेश भी दिया है। पीएम मोदी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि अपनी डीपी में तिरंगा लगाएं। इसके साथ ही हर घर तिरंगा को एक यादगार जन आंदोलन बनाएं। पीएम मोदी ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा कि स्वतंत्रता दिवस करीब आ रहा है। हमें हर घर तिरंगा अभियान को यादगार बनाना चाहिए। मैं अपनी डीपी बदल रहा हूं। आप सभी से अपील है कि आप भी अपनी डीपी बदलिए और इस खास अभियान में मेरे साथ साथ जुड़ जाइए। हर घर तिरंगा अभियान का तीसरा संस्करण नौ अगस्त से 15 अगस्त तक मनाया जाएगा। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी।

# 17 महीने बाद जेल से बाहर आएंगे मनीष सिसोदिया दिल्ली आबकारी नीति मामले में सुप्रीम जमानत

**नईदिल्ली, 09 अगस्त [एजेंसी]।**

दिल्ली की आबकारी नीति और धन शोधन से जुड़े अहम मामले सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जमानत दे दी है। दो जजों की पीठ आज दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम की जमानत याचिका पर फैसला सुनाया। सर्वोच्च न्यायालय ने उन पर शर्त लगाते हुए निर्देश दिया कि वे अपना पासपोर्ट जमा कर दें। उन्हें हर सोमवार को थाने में गवाही देनी होगी। इसके साथ ही कोर्ट ने उनसे कहा कि वे गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश न करें। कोर्ट ने उन्हें सचिवालय जाने की इजाजत दी है। न्यायमूर्ति बीआर



गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने सुनवाई के बाद छह अगस्त को फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने कहा कि सिसोदिया 17 महीने से हिरासत में हैं और अभी तक मुकदमा शुरू नहीं हुआ है, जिससे उन्हें त्वरित सुनवाई के अधिकार से वंचित होना पड़ रहा है। इन मामलों में जमानत मांगने के लिए उन्हें ट्रायल कोर्ट में भेजना न्याय का मखौल उड़ाना होगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि अब समय आ गया है कि ट्रायल कोर्ट और हाईकोर्ट यह स्वीकार करें कि जमानत का सिद्धांत एक नियम है और जेल एक अपवाद है। इसके बाद कोर्ट ने निर्देश दिया कि सिसोदिया को 10 लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि के दो जमानतदारों पर जमानत पर रिहा किया जाए। सिसोदिया को रद्द हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 बनाने, इसके कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

पहले 26 फरवरी, 2023 को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गिरफ्तार किया था। बाद में कई अलग-अलग आरोपों के तहत प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने भी सिसोदिया पर शिकंजा कसा। उन्होंने 28 फरवरी 2023 को दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। सिसोदिया ने यह कहते हुए जमानत मांगी थी कि वह 17 महीने से हिरासत में हैं और उनके खिलाफ मुकदमा अभी तक शुरू नहीं हुआ है। ईडी और सीबीआई ने उनकी जमानत याचिकाओं का विरोध किया था।

## हो गया खुलासा... 'बांग्लादेश में हिंसा के पीछे पाकिस्तान का है हाथ', शेख हसीना के बेटे ने आईएसआई पर भी कही बड़ी बात

**नईदिल्ली, 09 अगस्त [एजेंसी]।**



बांग्लादेश में जारी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ दिया है और वे फिलहाल भारत में रह रहीं हैं। उधर, बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का गठन कर दिया गया है। इन सभी घटनाक्रमों के बीच शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय ने बांग्लादेश में हो रही हिंसा के लिए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को जिम्मेदार बताया है और कहा कि इस अराजकता में पाकिस्तान का हाथ है। सजीब वाजेद जॉय ने शेख हसीना की वतन वापसी को लेकर कहा कि बांग्लादेश में लोकतंत्र बहाल होने के बाद वे देश लौट जाएंगी। हालांकि, वे सक्रिय नेता के तौर पर बांग्लादेश जाएंगी या सेवानिवृत्त नेता के तौर पर वतन वापसी करेंगी, यह स्पष्ट नहीं है। सजीब वाजेद जॉय ने आवामी लीग के कार्यकर्ताओं को भरोसा दिया है। उन्होंने आवामी लीग को बांग्लादेश की सबसे पुरानी पार्टी बताते हुए कहा कि वे अपनी पार्टी और कार्यकर्ताओं को बीच में नहीं छोड़ेंगे। शेख हसीना को सुरक्षा देने के लिए सजीब वाजेद जॉय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया।

साथ ही कहा वे पूर्वी क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय पर दबाव बनाएं। बांग्लादेश में चल रहे इंडिया आउट कैंपेन पर भी जॉय ने चर्चा की। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में भारत विरोधी ताकतें सक्रिय है। अब आईएसआई बांग्लादेश में हथियारों की सप्लाई कर सकती है। उन्होंने कहा हम हमारे लोगों की सुरक्षा के जो बन पड़ेगा वो करेंगे। उन्होंने भारत से अनुरोध किया है कि वे आवामी लीग की सुरक्षा के लिए भारत अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाएं।

## मनीष सिसोदिया की जमानत पर फूट-फूट कर रोईं आतिशी, संजय सिंह बोले- 17 महीने का हिसाब कौन देगा?

**नईदिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाला केस में में जेल में बंद दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के लिए आज का दिन खुशखबरी वाला रहा। जहां सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें नियमित जमानत दी।वह दिल्ली शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में जेल में बंद थे। अब आप के नेताओं का भी रिएक्शन आया है।

संजय सिंह ने अपने एक्स पर लिखा : 17 महीने के लंबे इंतजार के बाद हमें यह जीत मिली है। मैं पीएम मोदी और बीजेपी से पूछना चाहता हूं कि वे कब तक बदले की राजनीति करते रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश मोदी सरकार की तानाशाही पर जोरदार तमाचा है। बीजेपी ने उस व्यक्ति को 17 महीनों तक जेल में रखा, जिसने दिल्ली के सरकारी स्कूलों को बेहतरीन बनाया। बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा का इंतज़ाम किया। सुप्रीम कोर्ट का यह फ़ैसला लोकतंत्र के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी है।

आतिशी ने कहा, दिल्ली की मंत्री और आप नेता आतिशी आप नेता मनीष सिसोदिया को याद कर रो पड़ीं। दिल्ली एक्साइज पॉलिसी मामले में उन्हें सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। राघव चड्ढा ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, दिल्ली शिक्षा क्रांति के नायक मनीष सिसोदिया जी को बेल मिलने से पूरे देश में आज खुशी है। मैं माननीय सुप्रीम कोर्ट का हृदय की गहराई से आभार व्यक्त करता हूँ।

मनीष जी को 530 दिन तक जेल की सलाखों के पीछे रखा गया। उनका जुर्म इतना था कि उन्होंने गरीबों के बच्चों को एक बेहतर भविष्य दिया। प्यारे बच्चों, आपके मनीष अंकल वापिस आ रहे हैं। आप ने एक्स पर लिखा कि सत्यमेव जयते। दिल्ली वालों की दुआएं हुई कामयाब, तमाम झूठ और षड्यंत्रों का जाल तोड़कर 1.5 साल बाद जेल से बाहर आएंगे शिक्षा क्रांति के जनक मनीष सिसोदिया। सुनीता केजरीवाल का पोस्ट, भगवान के घर देर है अंधेर नहीं।

## स्वतंत्रता दिवस से पहले दिल्ली पुलिस को बड़ी सफलता आईएसआईएस आतंकी गिरफ्तार एनआईए ने रखा था 3 लाख का इनाम

**नईदिल्ली, 09 अगस्त [एजेंसी]।**



दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आईएसआईएस मॉड्यूल के आतंकवादी रिजवान अली को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने आतंकी पर 3 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। रिजवान दिल्ली के दरियागंज का रहने वाला है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बताया कि 'आईएसआईएस मॉड्यूल के आतंकवादी रिजवान अली को गिरफ्तार किया गया है। एनआईए ने उस पर 3 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। रिजवान दिल्ली के दरियागंज का रहने वाला है।' एनआईए ने अन्य फरार आतंकियों की तस्वीरें भी जारी की है। कल एनआईए द्वारा आतंकवादी रिजवान अली के बारे में गुप्त सूचना मिली और उसे दिल्ली पुलिस ने रात करीब 11 बजे दिल्ली के बायोडायवर्सिटी पार्क के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से .30 बोर की एक स्टार पिस्टल, 3 जिंदा कारतूस और 2 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। बताया गया कि रिजवान आईएसआईएस से जुड़े शाहनवाज मॉड्यूल में शामिल था, जो पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम कर रहा था। इस मॉड्यूल द्वारा देश में आतंकी साजिश रची जा रही थी। इसी बीच दो साल पहले गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कुछ आतंकियों को पकड़ा था, इनमें से एक आतंकी इमरान फरार हो गया था।

स्वतंत्रता दिवस से पहले अब दिल्ली पुलिस अन्य आतंकियों की तलाश में जुट गई है और अलकायदा और खालिस्तान से जुड़े आतंकियों के पोस्टर लगाए गए हैं। पुलिस ने लोगों से भी अपील की है कि वे इन आतंकियों को पकड़ने में मदद करें। इन पोस्टर्स में 15 आतंकवादियों का जिक्र किया गया है, जिसमें से 6 अल-कायदा से जुड़े हैं। उधर, पंजाब में भी पुलिस आतंकियों की पकड़ने के प्रयास में जुटी। प्रदेश के 28 जिलों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है और सभी बस स्टैंड पर भी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं।

## राष्ट्र और समाज के उत्थान में आदिवासी भाई-बहनों की महती भूमिका : सीएम साय

**रायपुर ।** विश्व आदिवासी दिवस पर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा,



जल, जंगल और जमीन के संरक्षण में सदियों से सदैव तल्लीन, प्रकृति के सच्चे सेवक आदिवासी भाई-बहनों को विश्व आदिवासी दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आप सभी सदियों से प्रकृति की उपासना करते, सभ्यता और संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखते आ रहे हैं एवं हमारी स्वर्णिम इतिहास की धरोहर का परचम थामे हुए हैं। राष्ट्र और समाज के उत्थान में आप सभी आदिवासी भाई-बहनों की महती भूमिका है। हमारी सरकार गौरवशाली आदिम संस्कृति के संरक्षण-संवर्धन और आदिवासियों की खुशहाल जिंदगी, उनकी प्रगति के लिए निरंतर कार्यरत है।

## सैन्य वाहन की सुरक्षा में बांग्लादेश से भारत लौटीं 70 छात्राएं, बताए वहां के खौफनाक हालात

**पटना सिटी, 09 अगस्त [एजेंसी]।**




बांग्लादेश में तख्तापलट के पूर्व हुए हंगामे हिंसा और आंदोलन के बाद वहां मेडिकल की पढ़ाई कर रही 70 भारतीय छात्राएं वापस अपने वतन पहुंच गई हैं। इन्हें कॉलेज प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा के बीच बांग्लादेश से लगने वाले भारत के बंगाल बार्डर तक सुरक्षित पहुंचा दिया।जहां से सभी छात्रा अपने अपने घर पहुंच गईं। पटना के दानापुर और महुआ की छात्राओं ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हम सभी कॉलेज में पुरी तरह सुरक्षित थे मगर हंगामे की खबर से डर लगता था मगर कॉलेज प्रशासन हमारी सुरक्षा के प्रति काफी गंभीर और मुश्तैद था।दानापुर निवासी मेडिकल की छात्रा सैयद अम्बर फातिमा ने बताया कि भारत की कुल 70 छात्राएं बांग्लादेश के अदिन सकीना वूमेंस मेडिकल कॉलेज पूलर हॉट जैसौर में मेडिकल की शिक्षा ग्रहण कर रही थी। उनकी 3साल की पढ़ाई चल रही थी। वह सभी आराम से शिक्षा ग्रहण कर रही थी इसी बीच अचानक से आंदोलन शुरू हो गया और फिर यह आंदोलन हिंसक हो गया गया हिंसा होने लगी कई लोगों की जान चली गई। पूरा बांग्लादेश जल उठा खास कर ढाका में बुरा हाल था। हिंसा होने के साथ ही कॉलेज प्रशासन ने अपनी सुरक्षा सख्त कर दिया।

हम सभी अंतराष्ट्रीय छात्राएं थे। इस कारण कॉलेज प्रशासन हमारी सुरक्षा के प्रति अधिक गंभीर था। अचानक से नेट बंद कर दिया गया हम सभी का अपने परिवार से संपर्क टूट गया। तीन दिनों तक हम सभी अपने अपने परिवार से संपर्क नहीं कर सके। कॉलेज प्रशासन हम सब को कहा कि आप हालात ठीक नहीं हैं आप सभी अपने अपने घर चली जायें फिर जैसी हालात होगी वैसा आप को संदेश भेज दिया जायेगा। कॉलेज प्रशासन ने हम सभी 70 छात्राओं को कड़ी पुलिस सुरक्षा में भारत से लगने वाले बंगाल के बार्डर बैनापूल तक छोड़ दिया जहां से हम सभी कोलकता पहुंचे और वहां से अपने अपने घर को निकल लिया।

पेवर ब्लॉक
सीमेंट से निर्मित (राखड़ मुक्त) उच्च क्वालिटी के पेवर ब्लॉक



जिग्जैक आई कॉस्मिक बर्फी एक्सकॉन
एवं अन्य प्रकार के डिजाइन में
उचित मुल्य पर उपलब्ध



चेकर टाईल्स
पेट्रोल पंप के लिए रबर मोल्ड जिग्जैक भी उपलब्ध है ।
संपर्क करें - 94255-40449
ऐरन इंटरप्राईजेस
कोरबा (छ.ग.)

## चुनाव में दौड़ा-दौड़ाकर नहीं मारना है, संजय राउत ने शेख हसीना का जिक्र कर किस पर साधा निशाना

**मुंबई, 09 अगस्त [एजेंसी]।**



महाराष्ट्र में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होना है। सभी राजनीतिक दलों ने सीट शेयरिंग को लेकर गठबंधन के सहयोगियों के साथ बातचीत शुरू कर दी है। महाविकास अघाड़ी दल में मौजूद दलों के बीच भी सीट बंटवारे पर चर्चा हो रही है। हालांकि, इस बात पर आधिकारिक मुहर नहीं लग सकी है कि शिवसेना (यूबीटी) कितनी सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ेगी। आज संवाददाताओं से बातचीत करते हुए राज्यसभा सांसद संजय राउत ने सीट शेयरिंग को लेकर जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि हमारी सीट शेयरिंग की बातें पूरी हो चुकी है। महाविकास अघाड़ी दल में सीट शेयरिंग को लेकर कोई तनाव नहीं है। हम चाहते हैं कि हर सीट पर ऐसा उम्मीदवार खड़ा हो, चाहे वो किसी भी पार्टी से हो, जो चुनाव जीत सके। यही हमारा फॉर्मूला है। उन्होंने आगे महायुति गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा, जिस सरकार ने महाराष्ट्र को लूटा है। उसे सत्ता से बाहर निकालना है। हमें उन्हें शेख हसीना की तरह नहीं निकालना है। दौड़ा-दौड़ाकर नहीं मारना है। संजय राउत ने आगे कहा कि हमें लोकतांत्रिक तरीके से उन्हें बाहर निकलना है। लोग तो चाहते हैं कि शेख हसीना की तरह उनको (शिंदे सरकार) को बाहर निकालें, लेकिन हम डेमोक्रेटिक तरीके से उन्हें सत्ता से बाहर निकालेंगे।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## विनेश फोगाट मामले में लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव की मांग, स्पीकर ने नहीं दी मंजूरी

**नईदिल्ली, 09 अगस्त [एजेंसी]।**

कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने विनेश फोगाट मामले में खेल मंत्री के बयान की आलोचना करते हुए लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव पेश किया था। हालांकि स्पीकर ने इसकी मंजूरी नहीं दी। दरअसल कांग्रेस सांसद ने अपने स्थगन प्रस्ताव में कहा है कि खेल मंत्री ने सदन में दिए अपने बयान में विनेश फोगाट की ट्रेनिंग पर 70 लाख रुपये खर्च करने की बात कही थी। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने कहा है कि विनेश फोगाट राष्ट्रीय धरोहर हैं और वह हमसे सिर्फ समर्थन और सम्मान चाहती हैं न कि सिर्फ कोई वित्तीय आंकड़े। कांग्रेस सांसद ने खेल मंत्री से बयान वापस लेने की मांग की है। भाजपा के एससी और एसटी वर्ग के सांसदों ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। यह मुलाकात संसद भवन में हुई। भाजपा सांसदों ने प्रधानमंत्री को सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई कि एससी और एसटी वर्ग में कोर्ट के फैसले के अनुसार, क्रीमी लेयर का फैसला लागू नहीं किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने भी सांसदों को सुनिश्चित किया कि वह इस मामले पर विचार करेंगे।लोकसभा स्पीकर ने स्थगन प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी। स्पीकर ने कहा कि सदन के पटल पर सदस्यों ने स्थगन प्रस्ताव पेश किया है, लेकिन उन्हें मंजूरी नहीं दी जा रही है।

# कनकी में लगभग 05 एकड़ शासकीय भूमि को कराया गया कब्जा मुक्त





कोरबा । शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सतत कार्य किया जा रहा है। राजस्व विभाग द्वारा कनकी में लगभग 5 एकड़ शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया है। विगत कलेक्टर जनचौपाल में कोरबा विकासखण्ड के कनकी ग्राम पंचायत के ग्रामीणों द्वारा शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा के सम्बंध में शिकायत की गई थी। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने ग्रामीणों की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए तहसीलदार बरपाली को उक्त प्रकरण की जमीनी स्तर पर जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे।

कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में तहसीलदार बरपाली द्वारा प्रकरण की पूर्ण जांच कर शासकीय भूमि पर ग्रामीण के अवैध कब्जे को हटाने की कार्यवाही की गई। तहसीलदार द्वारा प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में सुनवाई की गई, जिसमें अनावेदक नूतन राजवाड़े द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत सही पाई गई। तहसीलदार बरपाली ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 248 में निहित प्रावधान के तहत अनावेदक द्वारा लगभग 05 एकड़ शासकीय भूमि में किए गए कब्जे पर बेदखली की कार्यवाही करने एवं भूमि से अतिक्रमण को हटाने का आदेश पारित किया। जिसमें ग्राम कनकी के पटवारी हल्का नंबर 03 पर स्थित शासकीय घास मद की भूमि खसरा नंबर 1238/1 रकबा 0.288 हेक्टेयर व खसरा 1344/1 रकबा 6.844 हेक्टेयर के अंतर्गत 1.081 हेक्टेयर व 0.170 हेक्टेयर कुल 1.251 हेक्टेयर, इसी प्रकार शासकीय बड़े झाड़ के जंगल मद की भूमि खसरा नंबर 1344/3 रकबा 0.809 हेक्टेयर व खसरा नंबर 1345/1 रकबा 1.157 में से 0.134 हेक्टेयर व 0.069 हेक्टेयर, कुल 0.203 हेक्टेयर एवं खसरा नं. 1609 रकबा 14.165 हेक्टेयर अंतर्गत 0.152 हेक्टेयर सहित लगभग 05 एकड़ शासकीय भूमि पर सब्जी बाड़ी लगाकर किए गए अतिक्रमण पर बेदखली की कार्यवाही करते हुए भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन

### तिरंगा यात्राएं, रैलियों सहित होंगी विभिन्न गतिविधियां

कोरबा । हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले में 09 अगस्त से 15 अगस्त तक जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित किए जाएंगे। सभी भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि आमजन मेंदेश भक्ति की भावना विकसित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में भी वृद्धि हो। इस अभियान के तहत तिरंगा यात्राएं, तिरंगा रैलियां, तिरंगा दौड़ और मैराथन, तिरंगा कॉन्सर्ट्स, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्रतिज्ञा, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा सम्मान व तिरंगा मेला जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएगी।कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले के अंतर्गत सार्वजनिक उपक्रमों, स्व-सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि के समस्त कर्मचारियों एवं उनके परिवार की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने, कॉर्पोरेट और निजी संगठनों को भी सीएसआर संसाधनों सहित भाग लेने और योगदान व प्रोत्साहित करने, राज्य सरकार की वेबसाइटों और सोशल मीडिया का उपयोग कर जागरूकता फैलाने व हर घर तिरंगा कार्यक्रम को वेबसाइट के माध्यम से लिंक करने हेतु निर्देशित किया है।उन्होंने शासन स्तर पर मॉनिटरिंग कर ग्राम सरपंचों एवं पंचायत के अन्य सदस्य एवं पदाधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित कर तिरंगा कोड को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त तिरंगा की मांग का पता लगाने के लिए ग्राम सभा आयोजन करने, शासकीय स्तर पर प्रत्येक गांव में तिरंगा वितरण और बिक्री केंद्र स्थापित करना, स्थानीय स्व-सहायता समूहों को तिरंगा के निर्माण के लिए प्रोत्साहित करना, समस्त शासकीय भवनों एवं संस्थानों में तिरंगा फहराना, पैम्पलेट, बैनर, स्टैण्डिज़ आदि के माध्यम से स्वतंत्रता सप्ताह हर घर तिरंगा कार्यक्रम का प्रमुखता प्रचार-प्रसार करने, राज्य के सभी जिलो में तिरंगा के वितरक/बिक्री केन्द्र के रूप में उचित मूल्य की दुकान का विशाल नेटवर्क स्थापित करना, टोल-नाका, चेक पोस्ट आदि में पैम्पलेट-स्टीकर वितरण सुनिश्चित करना, स्वतंत्रता सप्ताह हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायतों को तिरंगों के भंडारण एवं वितरण के लिए नोडल संस्थाओं के रूप में नामांकित किया जाना, हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत सतत् मॉनिटरिंग के लिए समस्त जिला कलेक्टर शासन के दिशा-निर्देश अनुरूप अपने स्तर पर कार्यवाही करना तथाकार्यक्रम हेतु निर्धारित प्रपत्र में जानकारी समय-सीमा में उपलब्ध कराना एवं कार्यक्रम अवधि के दौरान सभी कार्यालयों एवं सभी घरों में तिरंगा फहराने के लिए अधीनस्थ सभी कार्यालयों के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ ही, आम नागरिकों को भी डाकघरों से झण्डा क्रय करने हेतु प्रोत्साहित करना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। तिरंगा यात्रा में युवा, वृद्ध, पुरुष और महिलाएं शामिल हो सकते हैं।

### मसाहती ग्राम बरबसपुर का नक्शा का हुआ प्रकाशन, दावा आपत्ति मंगाए गए

कोरबा । मसाहती ग्राम बरबसपुर तहसील कोरबा का प्रारंभिक प्रकाशन दिनांक 08 मई 2023 को किया जा चुका है। अब तक कुल 52 दावा आपत्ति प्राप्त हुए हैं। इस संबंध में अन्य किसी व्यक्ति के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में कोई दावा-आपत्ति करनी हो तो तहसील कार्यालय कोरबा में कर सकते हैं। इसके साथ ही नक्शा एवं आंशिक खसरा का अवलोकन भी किया जा सकता है।

## यातायात दुर्घटनाओं को देखते हुए कोरबा पुलिस का अभिनव अभियान

कोरबा । कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर बढ़ते यातायात दुर्घटनाओं को देखते हुए जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना/चौकी द्वारा अभिनव अभियान चलाया जा रहा है।जिसके तहत जिले के हाईवे पर स्थित ब्लैक स्पॉट पर मार्ग मित्र समिति का गठन कराया गया था। जिसका विस्तार करते हुए उरगा कुदमुरा मार्ग में भी समिति का गठन किया गया है।

कोरबा जिले में पाली-कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग 130 और उरगा-कुदमुरा मार्ग को दुर्घटनाजन्य सड़क के रूप में चिह्नांकित किया गया है। जिसमें सड़क दुर्घटना में अत्यधिक मृत्यु हुई है।इस जगह को ध्यान में रखते हुए यहाँ आसपास की दुकान और निवास करने वालों को मार्ग मित्र बनाया गया है और उन्हें कुछ भी दुर्घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने और एम्बुलेंस को बुलाने के संबंध में बताया गया है।

पूर्व में कुल 18 समितियों का गठन किया गया है जिसमें कुल 67 लोगों को जोड़ा गया और उन्हें मार्ग मित्र बनाया गया। अभी इसका विस्तार करते हुए कुल 26 समिति हो गई है और कुल 107 मार्ग मित्र बन गए है। जगह-जगह पर सजग कोरबा का पाम्पलेट भी चिपकाया गया है और लोगों को जागरूक किया गया। सभी मार्ग मित्र से पुलिस के मोबाइल नंबर साझा किए गए। कोरबा पुलिस के द्वारा यातायात दुर्घटना में कमी लाने के लिए आगे भी इस तरह की कार्यवाही जारी रखी जाएगी।

## आत्मानंद महाविद्यालय में अभिमुखेकरण कार्यक्रम का आयोजन



कोरबा। आज स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय कोरबा में नव प्रवेशित प्रथम सेमेस्टर के छात्र - छात्राओं के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. (श्रीमती) साधना खरे, प्राचार्य ई.वी.पी.जी महाविद्यालय कोरबा, विशिष्ट अतिथि डॉ.एस.के. गोभिल, नोडल अधिकारी, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, कोरबा, डॉ. संदीप शुक्ला, विषय विशेषज्ञ, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. डेज़ी कुजूर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. श्रीमती साधना खरे ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में संचालित होने वाले सभी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें। जिससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति में 2020 के उद्देश्य की प्राप्ति में हम सफल रहे । विशिष्ट अतिथि डॉ. एस.के. गोविल ने जीई एवं वीएसी का चयन समझदारी से करें जो आपके सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी सिद्ध हो। विषय विशेषज्ञ के तौर पर उपस्थित डॉ. संदीप शुक्ला ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं के शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही डॉ. डेज़ी कुजूर ने महाविद्यालय में संचालित होने वाले डी.एस.सी, जी.ई. एवं वी.एस.सी पाठ्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

महाविद्यालय की रसायन शास्त्र की सहायक प्राध्यापक सुश्री पूजा सिंह ने एन.ई.पी के अंतर्गत होने वाले परीक्षा के मूल्यांकन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी । महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सुश्री दिव्या पटेल ने कार्यक्रम के अंत में आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुश्री नुपिता सेन यादव अतिथि व्याख्याता के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता रजत शर्मा, शैलेश महेश्वरी कार्यालयीन स्टाफ एस.के. निर्मलकर , आर.एल. कौशिक और कमला देवी मानिकपुरी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के एन.ई.पी. एम्बेसडर तनु यादव, श्रेया शुक्ला, नवीन भारद्वाज, प्रियांशी रघुवंशी और रजत शर्मा की सक्रिय भूमिका रही ।

## डॉ. खूबचंद बघेल, कृषक रत्न पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

कोरबा। जिले में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य स्थापना दिवस 01 नवंबर के अवसर पर राज्य के सबसे उत्कृष्ठ कृषक को डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार वर्ष 2024 प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार प्राप्त करने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं जिसे कृषि विभाग के विकासखण्ड कार्यालय से नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पूर्ण रूप से भर कर सम्बंधित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ सफलता की कहानी अधिकतम दो पेज, उत्कृष्ठ कार्यां की रंगीन छायाचित्र और वीडियो सीडी संलग्न करना होगा। आवेदनकर्ता को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना तथा विगत 10 वर्षों से कृषि कार्य छत्तीसगढ़ राज्य में कर रहा होना अनिवार्य है। ऐसे कृषक ही आवेदन कर सकेंगे जिसकी कुल आमदनी में से 75 प्रतिशत् केवल कृषि से हो एवं किसी भी प्रकार का सिंचाई शुल्क/सहकारी बैंकों का कालातीत ऋण न हो।

चयन व मूल्यांकन मापदण्ड के तहत फसल में विविधीकरण और उत्पादकता वृद्धि के लिये नवीन कृषि तकनीकी अपनाने का स्तर होना चाहिए। उन्नत कृषि तकनीकी के प्रचार-प्रसार व अन्य कृषकों द्वारा अपनाने के लिए प्रेरित करने के लिये प्रयास किया गया हो। विगत तीन वर्षों में विभिन्न फसलों के उत्पादकता का स्तर कृषि व सहयोगी क्षेत्र में कृषक द्वारा किया गया हो।

## हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा सहित विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर भाजपा कोरबा की तैयारी हुई पूर्ण




कोरबा । देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा की तरह गणतंत्र दिवस सहित स्वतंत्रता दिवस से पूर्व देश का गौरव प्रतीक तिरंगे को हर घर और जन तक पहुंचाने और सभी में देशभक्ति की भावना को जागृत रखने इस अभियान की शुरुआत की गई थी। जिसके बाद हर वर्ष समय समय पर भाजपा द्वारा ऐसे आयोजनों पर विशेष तैयारियों के साथ पूरे जोश और उत्साह पूर्वक ऐसे कार्यक्रमों को सफल बनाने भागीदारी निभाई जाती रही।
इसी तारतम्य में 15 अगस्त 2024 के अवसर पर केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान और प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देश पर कोरबा जिले अंतर्गत जिला भाजपा कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक का मंच संचालन जिला महामंत्री संतोष देवांगन के द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को जिला अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह ने आगामी समस्त गतिविधियों पर नगर, शहर, वार्ड, बूथ सहित पंचायत स्तर पर समिति और टोलियां बनाकर आयोजनों को सफल बनाने दिशा-निर्देश दिये। जिसमे मुख्य रूप से आगामी आयोजन में 11 से 14 अगस्त तिरंगा यात्रा युवा मोर्चा के द्वारा निकाला जाना तय हुआ। 13 से 15 अगस्त तक भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलेवासियों और बच्चों के साथ प्रत्येक घर और व्यावसायिक केंद्रों में तिरंगा फहराने की भागीदारी सुनिश्चित की। 12 से 14 अगस्त महापुरुषों की प्रतिमा और स्मारकों के आसपास स्वच्छता कार्यक्रम और 13 से 15 अगस्त महापुरुषों और वीर सपूतों की प्रतिमाओं स्मारकों पर माल्यार्पण कार्यक्रम पर जिला अध्यक्ष ने जिम्मेदारी तय की। इसी तरह भारत का विभाजन तथा अभूतपूर्व मानव विस्थापन और पलायन की दर्दनाक दास्तान पर संगोष्ठी करते हुए 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एक काला अध्याय जिसे देशवासियों को याद दिलाने और लाखों की संख्या में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने स्मरण कराया गया।बैठक में जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, जिला प्रभारी गोपाल साहू, महामंत्री संतोष देवांगन, जिला कोषाध्यक्ष गोपाल मोदी, जिला उपाध्यक्ष डॉ. आलोक सिंह, आकाश सक्सेना, उमाभारती सराफ, जिला मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा, सह प्रभारी पवन सिन्हा, नवदीप नंदा, किशन अग्रवाल, विकास अग्रवाल, सोनू भाटिया, टेकचंद अग्रवाल, ज्योति वर्मा, शैल राठौर, विकास झा, सतीश झा, पंकज सोनी, नरेंद्र देवांगन, ईश्वर साहू, हरीश थरवानी, परविंदर सिंह, श्याम लाल मरावी, रामकुमार त्रिपाठी, मनीष मिश्रा, रंजू यादव, अजित्व कैवर्त, उदय शर्मा, दिव्यांश अग्निहोत्री सहित भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जनदर्शन कार्यक्रम में कुसमुंडा के भू-विस्थापित ग्रामीण मिले मुख्यमंत्री से

कोरबा । कोरबा जिलान्तर्गत कुसमुंडा क्षेत्र के भू-विस्थापित ग्रामीण परिवार मुख्यमंत्री से मिले। उन्होंने बताया कि वे जटराज, पाली और सोनपुरी जैसे विभिन्न ग्राम में रहते हैं। इनमें बस सुविधा नहीं होने की वजह से बच्चों को स्कूल पहुंचने में काफी समस्या होती है। अगर स्कूल बस की सुविधा शासन द्वारा दे दिए जाए तो बहुत अच्छा होगा।

इसके साथ ही ग्रामीणों ने एक एंबुलेंस की भी मांग की उन्होंने कहा कि एंबुलेंस नहीं होने की वजह से गंभीर रूप से पीड़ित मरीजों को कोरबा जिला मुख्यालय पहुंचने में दिक्कत होती है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मौके पर ही कलेक्टर कोरबा को इन दोनों सुविधाओं के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शीघ्र ही आपकी दोनों समस्याएं हल हो जायेंगी और बच्चे भी स्कूल जा सकेंगे तथा लोगों के लिए एंबुलेंस की सुविधा भी हो सकेगी। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

### भारतीय हॉकी टीम को नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत व कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने दी बधाई

कोरबा । छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत व कोरबा लोकसभा क्षेत्र सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने पेरिस ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतने पर इंडियन हाकी टीम को अपनी शुभकामनाएं दी है। डॉ. महंत ने कहा कि स्पेन के विरुद्ध भारतीय हॉकी टीम ने पूरे उत्साह से शानदार मैच का प्रदर्शन किया। सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि हॉकी भारत का राष्ट्रीय खेल है और भारत की टीम ने शानदार मैच का प्रदर्शन दिखाते हुए देश की उम्मीदों व प्रतिष्ठा को विश्व पटल में बनाये रखने में सफल हुआ है। पेरिस ओलंपिक में खेले गए अपने सभी मैचों में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। डॉ. चरणदास महंत ने इसके लिए टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह सहित सभी भारतीय खिलाड़ियों को भी बधाई दी है।

## मंत्रीलखन लाल देवांगन का कोरबा प्रवास



कोरबा। वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम विभाग मंत्री लखन लाल देवांगन 09 अगस्त को एक दिवसीय कोरबा प्रवास पर रहेंगे। प्रात: 11 बजे रायपुर से निवास स्थान चारपारा कोहड़िया कोरबा के लिए प्रस्थान करेंगे, दोपहर 02 बजे कोरबा पहुंचेंगे। दोपहर 03:45 बजे कोहड़िया से कलेक्ट्रेट कोरबा परिसर के लिए प्रस्थान करेंगे। षाम 04 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित बैटरी ट्राइसाइकिल एवं इलेक्ट्रॉनिक व्हील चेयर वितरण कार्यक्रम में षामिल होंगे। षाम 04:45 बजे बुधवारी बाजार के लिए प्रस्थान करेंगे तथा 05 बजे विष्व आदिवासीस दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज द्वारा आयोजित मूल निवासी महोत्सव कार्यक्रम में षामिल होंगे तत्पष्चात् अपने निवास स्थान चारपारा कोहड़िया हेतु प्रस्थान करेंगे।

### मुख्यमंत्री का बोईदा में कार्यक्रम कल,विधायक पटेल ने लिया तैयारियों का जायजा

कोरबा । कोरबा जिले के हरदीबाजार क्षेत्र के ग्राम बोईदा हाईस्कूल मैदान में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के 10 अगस्त आगमन की तैयारी का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

कार्यक्रम स्थल पर मंच निर्माण, पंडाल, बैठक व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। इस अवसर पर दुष्यंत शर्मा, पूर्व युवा आयोग के सदस्य रघुराज सिंह उइके, क्रांति मैदान अध्यक्ष मनोज जगत, सरपंच चन्द्रिका प्रसाद उइके, सरपंच प्रतिनिधि दशरथ सिंह कंवर, मन्नू राठौर, दुर्गेश मरावी, प्रमोद पटेल आदि उपस्थित थे।

## कोयला मंत्रालय ने रखा सौ नए खदान खोलने का लक्ष्य

कोरबा। कोयला मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2046-47 तक उपभोक्ताओं को मांग के अनुसार कोयला आपूर्ति क्षमता उपलब्ध कराने की परिकल्पना की है। कोयला उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ-साथ घट रही खदानों को भी बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त कोयला उत्पादन क्षमता का सृजन आवश्यक बताया है। तदनुसार, मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2029-30 तक 500 एमटीपीए की कोयला उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने के इरादे से 100 नई खदानें खोलने का लक्ष्य रखा है। वित्त वर्ष 2023-24 में 83 मीट्रिक टन क्षमता वाली कुल 13 खदानें चालू की गईं, जबकि कोयला मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए मानक और ऊंचा कर दिया है। जानकारी के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 80 मीट्रिक टन प्रति वर्ष से अधिक की कुल क्षमता वाली 20 से अधिक नई खदानों के संचालन का प्रस्ताव है, जिसमें कोयला पीएसयू और वाणिज्यिक, कैप्टिव खदानें शामिल हैं।

इसने चालू वित्त वर्ष में वाणिज्यिक कोयला खनन के लिए तीन दौर की नीलामी आयोजित करने और कम से कम 25 कोयला खदानों की नीलामी करने की भी योजना बनाई है। लगभग 10 नीलाम कोयला खदानों से कोयला उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है, 14 कोयला खदानों को खदान खोलने की अनुमति मिलने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2025 के लिए वाणिज्यिक कोयला खदानों के लिए कोयला उत्पादन और प्रेषण लक्ष्य 170 मीट्रिक टन है।

### कालेज में दाखिला अब 16 अगस्त तक, बढ़ाई गई नियाद



कोरबा। कक्षा 12वीं की पढ़ाई पूर्ण कर चुके ऐसे विद्यार्थी, जो अब भी कॉलेज के प्रथम वर्ष में प्रवेश से अछूते हैं, उनके लिए अच्छी खबर है। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से छत्तीसगढ़ के शैक्षणिक संस्थाओं में छात्र छात्राओं के लिए सत्र 2024-25 की प्रवेश तिथि में एक बार फिर वृद्धि कर दी है। उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के अवर सचिव राकेश कुमार ध्रुव ने इस संबंध में आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय को एक आदेश जारी करते हुए व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पूर्व में जारी आदेश के तहत प्रदेश के शैक्षणिक संस्थाओं के लिए सत्र 2024-25 (प्रथम सेमेस्टर हेतु) प्राचार्य स्तर पर 25 जुलाई 2024 तक एवं कुलपति की अनुमति से 31 जुलाई 2024 तक प्रवेश दिए जाने की तिथि निर्धारित की गई थी। इसी अनुक्रम में बुधवार 7 अगस्त को जारी पत्र में उन्होंने लिखा है कि छात्रहित की दृष्टि से सीट रिक्त रहने की स्थिति में 16 अगस्त 2024 तक प्रवेश की तिथि में वृद्धि की गई है। इस आदेश की प्रतिलिपि उच्च शिक्षा मंत्री के विशेष सहायक, निज सचिव व सचिव उच्च शिक्षा विभाग, समस्त शासकीय विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य की सूचित करने के साथ आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा गया है।इस संबंध में कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए 16 अगस्त तक एक और अवसर दिया है। वे इस अवधि तक दिए गए समय के पूर्व प्रवेश प्राप्त कर विद्यार्थी अपना प्रवेश महाविद्यालय में आकर सुनिश्चित कर सकते हैं। ऐसे विद्यार्थी, जिन्हें बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए समेत प्रथम वर्ष के जिस भी संकाय में प्रवेश लेना है, वे बिना देर किए कमला नेहरु महाविद्यालय में संपर्क कर सकते हैं। विद्यार्थियों की सहायता के लिए हेल्पडेस्क के माध्यम से प्रवेश से संबंधित संपूर्ण जानकारी भी प्रदान की जा रही है।

## मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार महिला मंडल ने मनाया सावन उत्सव

कोरबा। श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार महिला मंडल द्वारा प्रदेश महामंत्री एवं कोरबा महिला मंडल की संरक्षिका तारा सोनी के नेतृत्व में सावन उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समाज की समस्त महिलाओं ने अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ ज्योति श्रीवास्तव और विशिष्ट अतिथि समाज सेविका कल्पना मिश्रा उपस्थित रहीं। सावन उत्सव कार्यक्रम में सदस्यों ने गायन, नृत्य, श्लोक आदि में अपना हुनर दिखाया, नन्हे बच्चों ने भी अपने हुनर की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पिछले दिनों मंडल की नई कार्यकारणी में निर्विरोध चुनी गई अध्यक्ष रंजू सोनी, महामंत्री पार्वती सोनी, कोषाध्यक्ष तमन्ना सोनी, सांस्कृतिक मंत्री विनिता सोनी, वरिष्ठ सलाहकार हेमलता सोनी, पुष्पा सोनी, विमला सोनी, सुशीला सोनी, रेणु सोनी, मंजु सोनी, निर्मला सोनी, उषा सोनी, राधा सोनी, बीना सोनी, राजलक्ष्मी, माया सोनी ऋतु सोनी, उजाला सोनी, साक्षी, कांता, जया, सोनू, डिम्पल, ललिता, पुन्नी, मोना, भूमि, चिनाशा, सुमन, प्रीति, प्रीषा, सुनीताराजू, सुनीता, मीरा, सरिता, आरती, पूनम, बलेश्वरी, काजल, रक्षा, रूपाली, चंदा, ऋतु, सोनू, ज्योति, करिश्मा, ममता, उमा, शांता, मोनिका, विभा, ज्योति एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। सावन उत्सव में सावन क्वीन तमन्ना सोनी, प्रथम उपविजेता उषा सोनी, द्वितीय उपविजेता सरिता सोनी रही।

### नरईबोध में नहीं रूक रहा हैवी ब्लास्टिंग

कोरबा। एसईसीएल गेवरा खदान के हैवी ब्लास्टिंग से नरईबोध के ग्रामीण दहशत में रहने को मजबूर हैं। अनेकों बार ग्रामीण हैवी ब्लास्टिंग को लेकर खदान में उतर चुके हैं हर बार एसईसीएल गेवरा प्रबंधन लोगों को आश्वासन देता है लेकिन ब्लास्टिंग की क्षमता कम नहीं करता। मंगलवार दोपहर लगभग 1.30 बजे गेवरा खदान के नरईबोध फेस में हैवी ब्लास्टिंग प्रबंधन द्वारा किया गया। ब्लास्टिंग से एक बड़ा पत्थर सीधे जीएफ विद्या मंदिर के एडबेस्टर छत पर गिरा, इससे एडबेस्टर को तोड़ते हुए पत्थर क्लास रूम में जा गिरा। गनीमत रही कि उसी समय बच्चों की छुट्टी हुई थी जिसके कारण कोई हताहत नहीं हुआ वरना गंभीर हादसा हो सकता था।

# पंजीयन कार्यालय में नियम कायदे ताक पर

## ऐन वक्त पर रोक दी गई रजिस्ट्री, कार्यालय में हंगामा

**पामगढ़।** पामगढ़ के रजिस्ट्री कार्यालय में सरकार के सारे नियम कायदे ताक पर रहता है। यहां ऐसे लोगों की जमीन की रजिस्ट्री यूं ही कर दी जाती है जो शारीरिक रूप से अक्षम् है। कुछ ऐसा ही मामला पहले भी आ चुका था। वहीं गुरुवार को फिर एक ऐसा मामला सामने आया जब एक वृद्ध महिला की जमीन को रजिस्ट्री कराने रजिस्ट्रार आफिस लाया गया था, लेकिन रजिस्ट्रार ने मौके पर मौजूद मीडियाकर्मियों को देखकर रजिस्ट्री कैंसिल कर दी। जबकि रजिस्ट्री के लिए अधिवक्ताओं ने औपचारिकताएं पूरी कर ली थी। एक वृद्ध महिला को चेंबर में भी लाया जा चुका था। लेकिन रजिस्ट्री नहीं हो पाई। वैसे तो रजिस्ट्री के लिए सरकार के दर्जन भर से अधिक नियम कायदे है, लेकिन रजिस्ट्री आफिस में जिनका वर्चस्व है उन्हें नियम कायदों से कोई सरोकार नहीं है। बीते दिवस रजिस्ट्री आफिस में एक ऐसी महिला के जमीन की रजिस्ट्री हुई थी। जिसे स्ट्रेचर में लेकर आए थे। रजिस्ट्रार ने अनकांसेंस महिला के जमीन की रजिस्ट्री कर दी थी।

वहीं गुरुवार को फिर ऐसा ही मामला सामने आया जिसमें एक वृद्ध महिला की जमीन की रजिस्ट्री के लिए रजिस्ट्रार आफिस लाया गया था जो बोल सुन नहीं सकती थी। बताया जा रहा है कि उक्त महिला सावित्री बाई पिता नारायण की जमीन को डेविस कुमार खटकर खरीदना चाहता था। महिला की जमीन की रजिस्ट्री के पूरी औपचारिकता कर ली गई थी, लेकिन ऐन वक्त पर मीडियाकर्मियों की दबिश को देखकर रजिस्ट्रार ने उक्त रजिस्ट्री को कैंसिल कर दिया। वहीं दूसरा मामला कोहका की महिला राहिन बाई का था। जो 79 साल की थी। वह कुछ बोल सुन नहीं सकती थी। उसकी की भी जमीन की रजिस्ट्री होनी थी, लेकिन यहां भी मामला गंभीर हो गया। जिसके चलते

हमारे चेंबर में आने के बाद जमीन के खरीदी बिक्री करने वालों से बकायदा पूछताछ की जाती है। पैसे का लेन देन ठीक है या नहीं उसकी तस्दीक कराई जाती है। इसके बाद ही जमीन की रस्ट्री की जाती है। गुरुवार को जो मामला सामने आया उसमें वृद्ध महिला कुछ बोल नहीं पा रही थी। इसके कारण रजिस्ट्री कैंसिल करनी पड़ी।

**उत्तम सिंह राठौर, उपपंजीयक**

पामगढ़ के रजिस्ट्रार आफिस में इस मामले को लेकर गुरुवार को जमकर हंगामा हो गया। दरअसल, जिन्हें जमीन की खरीदी बिक्री करना था वे लोग चाहते थे कि किसी भी सूरत में जमीन की रजिस्ट्री हो, लेकिन रजिस्ट्रार ने कहा कि जमीन विक्रेता से जांच पड़ताल करने के बाद ही जमीन की रजिस्ट्री करते हैं। जब कोई व्यक्ति बोल सुन नहीं सकता या फिर जिसे लकवा मार दिया है ऐसे लोगों के परिजनों से पर्याप्त समय देकर पूछताछ करने के बाद रजिस्ट्री की जाती है। इस मामले में वकील चाहते थे कि जैसे तैसे कर रजिस्ट्री हो जाए ताकि उनकी फीस मिल जाए। लेकिन रजिस्ट्रार ने मामले को संदिग्ध पाया। क्योंकि वृद्ध महिला कुछ बोल नहीं पा रही थी। ऐसे में रजिस्ट्री कैंसिल करना पड़ा।

## नरियरा पंचायत में टैक्स नहीं लिए जाने की मांग, एसडीएम को ज्ञापन

**जांजगीर चांपा।** नवगठित नगर पंचायत नरियरा में 1 अगस्त को नगर वासियों के लिए संपत्ति कर सहित अन्य करों के लिए सूचना जारी की गई है। इसके विरोध में नरियरा विकास मंच एवं नगर वासियों के द्वारा एसडीएम विक्रांत अंचल को ज्ञापन सौंप कर जब तक नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि निर्वाचित होकर नहीं आ जाते तब तक संपत्ति व अन्य करों को नहीं लिए जाने की मांग की गई है।
नरियरा विकास मंच के अध्यक्ष भवानी सिंह ने बताया कि नगर पंचायत अभी पूर्ण रूप से अस्तित्व में ही नही हैं और न ही निर्वाचित जनप्रतिनिधि परिषद में पहुंचे हैं और न ही सभी वार्ड के सदस्य हैं। नरियरा में न तो नगर के समान अभी कोई कार्य हुआ हैं न परिवर्तन ऐसे में जन मानस से टैक्स लेना लोकतंत्र के विरुद्ध है। संघ की महिला प्रमुख अहिल्या साहू ने बताया कि नगर में अभी टैक्स लेने कही से भी लोकहित में नही है। अभी ऐसा किया जाएगा तो जनता में नवगठित नगर पंचायत के प्रति भय का माहौल होंगा। संघ के मंत्री सुशांत बंजारे ने बताया की यह जो टैक्स लिया जा रहा हैं यह लोकहित में नही हैं परिषद अभी पूर्ण रूप से नही बना हैं। अभी तक जनता की भूमिका परिषद में हैं ही नहीं। अगर लेना आवश्यक है तो जनमानस से टैक्स न लेके इसकी व्यवस्था अन्य सरकारी मदो से या केएसके प्लांट के सीएसआर मद से किया जाए। नरियरा नगर वासियों के लिए निर्वाचन पूर्व संपत्ति व अन्य कर नहीं लगाए जाने की मांग को लेकर अनुविभायगीय अधिकारी अकलतरा को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन सपना वालों में सीमा साहू, अनिता निर्मालकर, सुनीता, अनिता, रविन्द्र यादव, बीरेंद्र सिंह, राहुल साहू, विक्की खूटे, गोविंदा टंडन, चंद्रकली साहू नवल, आदित्य बंजारे व नागरिक उपस्थित थे।

# कुरियारी हायर सेकेंड्री स्कूल में भगवान भरोसे हो रही पढ़ाई

**जांजगीर चांपा।** नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम कुरियारी में इस सत्र से हायर सेकेंडरी स्कूल तो खुल गया है, लेकिन कई विषय के शिक्षक नहीं होने सेबच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों को हायर सेकेंडरी स्कूल खुलने से खुशी हुई कि बच्चों को अब पढ़ाई के लिए अन्य गांवों में नहीं जाना पड़ेगा। यहां पर्याप्त शिक्षकों की कमी है वहीं प्राचार्य का पद भी खाली है। वर्तमान में प्रभारी प्राचार्य के रूप में बीपी कश्यप संभाल रहे हैं।

प्रभारी प्राचार्य बीपी कश्यप ने बताया कि विषय वा व्याख्याता कमी को बीईओ ऑफिस में भेज दिए हैं और शासन से मांग किए हैं कि इस विषयों के शिक्षकों की कमी की पूर्ति की जाए लेकिन अभी तक इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। हालांकि विद्यालय में मूलभूत सुविधाएं स्वच्छ पेयजल, बाथरूम, टेबल कुर्सी, खेल का मैदान आदि उपलब्ध हैं लेकिन टीचर की कमी विद्यालय परिवार को खल रही है। शाला विकास समिति भी इसके लिए बैठक आयोजित कर रही हैं, लेकिन शासन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। स्कूल में चपरासी भी नहीं है जिसके कारण ऑफिस को शिक्षक गण साफ करते हैं तो वहीं कक्षाओं को विद्यार्थी साफ करते हैं। वहीं क्लर्क नहीं होने के कारण कंप्यूटर संबंधित काम को जन सेवा केंद्र में जाकर कराते हैं। बीपी कश्यप ने आगे बताया कि यहां हिंदी, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, भौतिक शाख और रसायन शास्त्र के शिक्षकों की कमी है। वहीं विद्यालय में वर्तमान में चार स्टाफ जिसमे प्रभारी प्रधानाचार्य सह जीव विज्ञान व्याख्याता बीपी कश्यप एवं गणित व्याख्याता श्वेता यादव, संस्कृत व्याख्याता बंसीलाल कुर्रे और अंग्रेजी व्याख्याता धनीराम रत्नाकर कार्यरत हैं। गौरतलब है कि स्कूल खुले हुए डेढ़ महीना होने वाले हैं और शिक्षकों की कमी दिखाई देने से ग्रामीण भी नाराज हैं अगर ऐसी स्थिति रही तो बच्चों के पढ़ाई पर बुरा प्रभाव पड़ेगा और उनका भविष्य अंधकारमय हो जाएगा।
क्या कहते हैं बच्चे कक्षा 12वीं की छात्रा श्वेता खूंटे ने बताया कि स्कूल में भौतिक और रसायन की शिक्षक नहीं है, जिससे इस विषय को पढ़ने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हमारी मांग है कि इस विषयों की शिक्षा की भर्ती की जाए ताकि हम सुचारू रूप से विद्या अध्ययन कर सकें। इसी प्रकार कक्षा 9 की छात्रा बबीता कश्यप ने बताया कि हिंदी, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान विषय के शिक्षक नहीं होने से कई अध्याय समझ में नहीं आ रहे हैं जिससे पढ़ने में परेशानियां हो रही है।

## डेंगू - मलेरिया की रोकथाम के लिए चलाया जा रहा है 10 हफ्ते 10 बजे 10 मिनट अभियान

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में प्रत्येक गुरुवार को 10 हफ्ते 10 बजे 10 मिनट अभियान के तहत जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को जिले को डेंगू-मलेरिया मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज जिला स्तरीय अधिकारियों सहित कार्यालय प्रमुखों ने अपने कार्यालय के सभी हिस्सों की साफ-सफाई की। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल कुमार रावटे के मार्गदर्शन में जिला पंचायत परिसर के साथ विभिन्न कक्षों की साफ-सफाई की गई। इसके साथ आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा वार्ड न0 04 में पुराने टायर एवं कबाड़ को हटाने हेतु निर्देशित किया गया। जिसमें पानी जमाव स्थलों पर टेमेफोस लार्विसाइड का छिड़काव किया गया है। मच्छर पनपने वाले जगहों के बारे में एवं व्यक्तिगत बचाव सक संबंधित नागरिको को जानकारी दी गई। इसी प्रकार चांपा अनुविभाग और तहसील कार्यालय में एवं एसडीएम कार्यालय जांजगीर में सहित विभिन्न कार्यालयों में संबंधित अधिकारियों ने निरीक्षण कर जहां पानी का ठहराव है या पानी जमा हो रहा है वहां मिट्टी तेल, इंजन आयल एवं अन्य लार्वा रोधी पदार्थों का छिड़काव किया।

## नगर पंचायत सारागांव मे जन समस्या निवारण शिविर आयोजित



**जांजगीर चापा।** जिला जांजगीर चाम्पा के नगर पंचायत सारागांव क्षेत्रांतर्गत जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर आज दिनांक 8अगस्त 24 को वार्ड क्र. 11, कहरा पारा सामुदायिक भवन में समय सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर में नवीन राशनकार्ड बनाने, राशनकार्ड में नाम काटने, जोड़ने, जन्म,मृत्यु प्रमाण पत्र, नल कनेक्शन, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धा पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, नामांतरण आदि के प्रकरणों का त्वरित निदान किया जा रहा है। उक्त शिविर में जनप्रतिनिधिगण अध्यक्ष श्री रामकिशन सूर्यवंशी, पार्षद मिट्ठूलाल कर्ष, केशव करियारे, सतीश राठौर,धीरेन्द्र (अन्नू) राठौर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय पाण्डेय, उपअभियंता संजय पैकरा एवं उक्त शिविर के नोडल अधिकारी संजय कुमार पैकरा, कम्प्युटर ऑपरेटर श्संजय सिंह राठौर, तुलाराम रत्नाकर, अभय सिंह राठौर, बाबूलाल यादव, टीकाराम बरेठ, विनय राठौर, अरूण राठौर (लाईनमेन) सहित निकाय के कर्मचारीगण तथा भारी संख्या में वार्डवासी एवं हितग्राहीगण उपस्थित रहे।

उक्त शिविर में कुल 29 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 24 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। अगला शिविर वार्ड क्र. 14 छोटे गौटिया चौंक में दिनांक 10 समय सुबह 10बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा।

## स्व. धर्मदत्त पांडेय की पुण्य तिथि पर विविध कार्यक्रम कल

**जांजगीर-चांपा।** ग्रामपंचायत सिवनी-नैला के प्रथम निर्वाचित सरपंच एवं न्याय पंचायत नैला के पूर्व उपाध्यक्ष स्व. धर्मदत्त पांडेय की 61 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार 10 अगस्त को दोपहर 2 बजे से स्व. धर्मदत्तपांडेय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिवनी में श्रद्धांजलि के अवसर ट्राईसाइकिल वितरण एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग विधानसभा के पूर्व नेताप्रतिपक्ष नारायण चंदेल होंगे। अध्यक्षता नगरपालिका जांजगीर-नैला के पूर्व अध्यक्ष रघुराज प्रसाद पांडेय करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रुप में वरिष्ठ साहित्यकार ईश्वरी प्रसाद यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, छग माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य चंद्रकांत तिवारी उपस्थित रहेंगे।

## पं. जवाहर लाल नेहरु महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन

**नवागढ़।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पं. जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय नवागढ़ में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में महाविद्यालय के बीएससी प्रथम, बीए प्रथम एवं बीसीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र छात्राएं एवं उनके पालक उपस्थित रहे। महाविद्यालय के संस्थापक श्री बंसल ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए पढ़ाई की नयी सीढ़ी के लिए आशीर्वादर वचन दिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ राजेश शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा नीति बदले हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के रूप में समय समय पर अपनी नवीन उद्देश्य को लेकर लागू की जाती रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन के संयोजक तेरस दिनकर ने सभी विद्यार्थियों को जीई एवं व्हीएससी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी व एनईपी-2020 के फायदे बताये । कार्यक्रम में प्रो सुश्री सिम्पल रजक, प्रो अखेन्द्र जांगड़े, प्रो दीपक चंद्रा, प्रो श्रीमति प्रीति देवांगन, प्रो जोहित कश्यप, प्रो मालती बंजारे, एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

## भृत्य के पद पर अनुकंपा नियुक्ति हेतु दावा आपत्ति आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर में वर्तमान दिवंगत शासकीय सेवक के आश्रित सदस्य, आवेदक को भृत्य के पदों पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जानी है। अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित दावा आपत्ति 13 अगस्त 2024 तक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर में आमंत्रित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि स्व.श्री चितरंजन कटकवार सहा. ग्रेड-02. शा.उ.मा.वि. सरखों के पुत्र श्री प्रभांशु कटकवार, स्व.श्री परदेशी राम यादव व्याख्याता, शा.उ.मा.वि. नवागढ़ के पुत्र श्री रविन्द्र कुमार एवं स्व.श्री कृष्ण कुमार सिंह प्रधान पाठक, शा. उत्कृ.प्रा.शा. टिकरापारा दुरपा की पुत्री ज्योति सिंह की अनुकंपा नियुक्ति किया जाना है। अनुकम्पा नियुक्ति के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो 13 अगस्त 2024 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

*जांजगीर-चांपा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहरिया को स्वास्थ्य सुविधाओं में राष्ट्रीय स्तर का गुणवत्ता सर्टिफिकेशन प्रमाण पत्र मिला। कलेक्टर ने इसके लिये सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## मनरेगा से कांशीराम का बना बकरी पालन शेड तो चेहरे की बढ गई उनकी मुस्कान

**जांजगीर-चांपा।** छोटे-छोटे कार्यों को करके लोग आगे बढ़ रहे हैं और वर्तमान समय में लोगों का रुझान बकरीपालन की तरफ तेजी से जा रहा है। सरकार भी इसे काफी ज्यादा बढ़ाने का कार्य कर रही है। ऐसे में गाँव की किसान बकरीपालन कर अपनी सफलता की कहानी रच रहे और लोगों के लिए मिसाल बन रहे हैं। ऐसे ही है हरदीविशाल के रहने वाले कांशीराम । जिन्होंने अपनी किस्मत को दूसरों के भरोसे पर नहीं छोड़ा बल्कि बदलते समय के साथ अपने को मजबूत बनाया और अपनी मेहनत के बल से अपनी किस्मत को बदल दिया।

जांजगीर-चांपा जिले के बलौदा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत हरदीविशाल में रहते हैं कांशीराम गुजारा चलाने लिए वह अपने खेती-किसानी पर ही निर्भर रहते थे और अपने घर का गुजारा चलाते थे। इसके अलावा उनकी आय का कोई जरिया नहीं था. फिर कुछ साल पहले उन्होंने बकरी पालन कार्य शुरू किया और कम समय में ही इस व्यवसाय से अच्छा लाभ अर्जित करने लगे, लेकिन उनके सामने एक समस्या खड़ी थी कि जिस घर में वह बकरी पालन का कार्य करते थे, वह मिट्टी का था और जर्जर हो चुका था, ऐसे में बारिश और ठंड में बकरियों को सुरक्षित रखना उनके लिए मुश्किल हो रहा था। बीमारियों के चलते कई बार बकरियां मर जाती थी, जिससे उन्हें बहुत हानि हो जाती थी, जितनी भी आमदनी बकरीपालन से होती थी, उससे ही गुजारा चल रहा था। कांशीराम बताते हैं कि उनके के पास वर्तमान में 20 बकरी है। एक वर्ष के अंतराल में चार बकरी को बेचकर बीस हजार रुपया कमाया जिसे अपने गृहस्थ परिवार का जीवन यापन में खर्च किया एवं चार वर्ष के अंतराल में 40 बकरी को बेचकर दो लाख रूपये कमाया। इस आमदनी का हिस्सा बच्चों की पढ़ाई, खेत एवं घर बनाने मे खर्च किया, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई थी क्योंकि अब भी बकरियों को रखने के लिए उनके पास कोई पक्का घर नहीं था, ऐसे में कांशीराम बताते है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से व्यक्तिगत हितग्राही मूलक कार्य के माध्यम से उन्होंने बकरी पालन शेड का आवेदन ग्राम पंचायत में जमा कराया जहां से आवेदन की मंजूरी मिली और तकनीकी प्रस्ताव तैयार करके उसे इंजीनियर ने जनपद पंचायत से जिला पंचायत पंचायत भेजा जहां से 93 हजार 63 रूपए की प्रशासकीय मंजूरी मिली और निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। कार्य पूर्ण हो जाने के बाद से अब बकरी को पक्का शेड प्राप्त हो गया, जिन्हें बड़े ही आराम से उसमें रखना शुरू किया। इस कार्य में कांशीराम के परिवार ने काम करते हुए 52 दिवस का रोजगार भी प्राप्त करते हुए आय अर्जित की।

# पामगढ़ में आजीविका ऋण मेला का हुआ आयोजन

## मेले में लगभग 06 करोड़ 32 लाख रुपए से अधिक की ऋण राशि स्वीकृत



**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में गुरुवार को दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय पामगढ़ के सद्भावना भवन में आजीविका ऋण मेला का आयोजन किया गया। जिसमें जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे ने कहा कि जिले में स्व सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका गतिविधि शुरू करने के लिए आजीविका ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्म निर्भर हो रही हैं।

जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि व्यवसाय से रोजगार सृजन होता है और दूसरों को भी रोजगार प्रदान करता है उन्होंने कहा कि व्यवसाय से आजीविका गतिविधि शुरु करें और दूसरों को भी रोजगार दे। इस दौरान उन्होंने स्वस्थ जांजगीर-चांपा, उत्कृष्ट जांजगीर-चांपा, महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, पीएम विश्वकर्मा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं की जानकारी भी उपस्थित नागरिकों को दी। जिला स्तरीय आजीविका ऋण मेला में लगभग 06 करोड़ 32 लाख रूपए से अधिक की ऋण राशि स्वीकृत की गई। अतिथियों द्वारा ऋण मेला में आजीविका ऋण मेला में हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति आदेश की प्रति का वितरण किया गया।आजीविका ऋण मेला के माध्यम से स्व सहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज में बढ़ोतरी, बैंक द्वारा प्रायोरिटी सेक्टर में ऋण वितरण क्षेत्र का विस्तार, शासकीय स्व-रोजगार ऋण योजनाओं के प्रति जागरूकता, मुद्रा योजना के क्षेत्र का विस्तार, स्वयं सिद्धा योजना के प्रति जागरूकता एवं विस्तार, नवीन बैंक खाते और आधार पंजीयन करने की सुविधा, ग्रामीणों की वित्तीय साक्षरता एवं सायबर फ्रॉड के रोकथाम के प्रति जागरूकता और अन्य बैंकिंग से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया गया। इस दौरान बिहान समूह की महिलाओं ने बिहान से जुड़कर की जा रही आजीविका गतिविधियों से हो रहे लाभ की जानकारी मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से दी। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्याणी यादव, गुलाब सिंह चंदेल, संतोष लहरे, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी मणिशंकर कौशिक सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक, स्व सहायता समूह की महिलाएं, ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## किरारी में नागपंचमी मेला एवं कबड्डी प्रतियोगिता आज

**अकलतरा।** ग्राम पंचायत किरारी में नाग पंचमीमेला एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 9 अगस्त शुक्रवार को मुख्य अतिथि राघवेंद्र सिंह विधायक, मुख्य अभ्यागत सौरभ सिंह पूर्व विधायक, शिवानी सुशांत सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत, विशिष्ट अतिथि चुन्नीलाल साहू पूर्व विधायक, दिनेश सिंह पूर्व भाजपा प्रत्याशी, जयप्रकाश धर दिवान, घनश्याम, महेश्वर कश्यप, विजयभूषण वैष्णव जनपद सदस्य, फुलेश्वरी बाई चौहान सरपंच किरारी, राजेंद्र साहू उपसरपंच किरारी, सिजय जगत अध्यक्ष खेल समिति किरारी के उपस्थित मे किया जाएगा। नाग पंचमी के दिन सुबह से ही गुरुवाईन दाई मंदिर में नाग देवता के दर्शन के लिए श्रद्धालु दूर-दूर से भारी संख्या में आते हैं। क्षेत्रवासी गुरुवाईन दाई के दर्शन कर दुध, लाई, नारियल, अगरबत्ती चढ़ा करके अपनी मन्नत मांगते हैं। गुरुवाईन दाई मंदिर के प्रति लोगों में अथक श्रद्धा है। यहां प्रतिवर्ष लगने वाला नाग पंचमी मेला के साथ-साथ निशुल्क कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होता है जिसको देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। ग्राम वासियों ने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता में प्रवेश के लिए कोई शुल्क नहीं है लेकिन खिलाड़ियों का प्रवेश पंजीयन सुबह 9:00 बजे तक ही किया जाएगा उसके बाद प्रवेश नहीं लिया जाएगा । जो टीम सहित पहले खेलने आएंगे उस टीम को पहले खिलाया जाएगा। प्रथम पुरस्कार 1000 नगद व शील्ड, द्वितीय पुरस्कार 7000 नगद व शील्ड, तृतीय पुरस्कार 5000 नगद व शील्ड, एवं सांत्वना पुरस्कार 3000 नगद शील्ड रखा गया है।

## शिक्षक मोर्चा की मांग पर परामर्शदात्री समिति गठित

**जांजगीर-चांपा।** शिक्षक संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी टीचर्स एसोसियेशन प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, टीचर्स एसोसियेशन जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, शालेय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला, संयुक्त शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष विकास सिंह एसोसियेशन जिला सचिव बोधीराम साहू, शालेय शिक्षक संघ जिला सचिव योगेंद्र शुक्ला, शरद राठौर, विजय प्रधान, संजय दुबे, संतोष तिवारी, नरेंद्र राठौर, संजय राठौर सहित प्रतिनिधि मंडल द्वारा शिक्षकों की विभिन्न समस्या को लेकर कलेक्टर एवम् जिला शिक्षा अधिकारी को प्रत्येक 3 माह में परामर्श दात्री समिति की बैठक आयोजित करने की मांग की गई थी। जिस पर कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात डी ई ओ द्वारा परामर्शदात्री समिति गठित कर मुख्यमंत्री, शिक्षा विभाग के राज्य कार्यालय, बी ई ओ, बी. आर. सी. सी. सहित संगठन पदाधिकारियों को इस आशय की जानकारी प्रेषित कर दी गई है। गठित किए गए परामर्शदात्री समिति के अध्यक्ष कलेक्टर सचिव जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा, बी ई ओ, बी. आर सी सी, समस्त शिक्षक संवर्ग संगठन पदाधिकारी सदस्य होंगे। बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में प्रत्येक 3 माह में आयोजित होगी।

## श्रीमती कमला चंद्राकर दिवंगत

**अकलतरा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक स्वर्गीय अभिमन्यु प्रसाद चंद्राकर की धर्मपत्नी श्रीमती कमला चंद्राकर का निधन हो गया। वे अपने पीछे आठ पुत्र एवं चार पुत्रियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। उनका अंतिम संस्कार कॉलेज रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में स्वजन सहित नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत विकासखंड नवागढ़ के शा.उ.मू. दुकान, नवागढ़ दुकान आई.डी. 541012034, शा.उ.मू. दुकान बोड़सरा दुकान आईडी 542001020, शा.उ.मू. दुकान पीथमपुर दुकान आईडी 542001012, शा.उ.मू. दुकान तेन्दुभांठा दुकान आईडी 542001067 में के शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन कर्ता रिक्त होने के फलस्वरूप उक्त ग्राम पंचायतों के शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित गए हैं।


### कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

फा. क्र.913, 942, 947, 948, 949, 950/उद्यान/2024/ कोरबा, दिनांक 06.08.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु फार्म-बी में जिन्हें उद्यानिकी कार्य का अनुभव हो से शेडयूल अनुसार आइटम दरों पर निम्नलिखित कार्य हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाइट से डाउनलोड कर बंद लिफाफा के माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-
1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि -26.08.2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि - 27.08.2024 अपरान्ह 03.00 बजे से

| क्र. | कार्य का नाम मरम्मत संधारण मद | प्राक्कलन राशि लाख में | धरोहर राशि रू. में | निविदा प्रतिभागी शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र.13 तेग बहादुर उद्यान का वार्षिक रख रखाव कार्य | 255798.00 | 4000.00 | 750.00 |
| 2. | वार्ड क्र.19 पुष्पलता उद्यान का वार्षिक रख रखाव कार्य | 348000.00 | 4000.00 | 750.00 |
| 3. | वार्ड क्र. 52 दर्री थाना के पास स्थित उद्यान का वार्षिक रख रखाव कार्य | 354798.00 | 4000.00 | 750.00 |
| 4. | वार्ड क्र. 43 डेम के पास राजमाता सिंधिया उद्यान का वार्षिक रख रखाव कार्य | 231708.00 | 4000.00 | 750.00 |
| 5. | वार्ड क्र.22 शिवाजी नगर रेलवे लाईन उद्यान का वार्षिक रख रखाव कार्य | 269658.00 | 4000.00 | 750.00 |
| 6. | वार्ड क्र.22 एम.पी.नगर उद्यान का वार्षक रख रखाव कार्य | 333117.00 | 4000.00 | 750.00 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website: www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)



### छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
### कार्यालय कार्यपालन अभियंता, मिनीमाता बांगो बांध संभाग क्र.3, माचाडोली, जिला-कोरबा (छ.ग.)

**ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 157096 निविदा सूचना क्र.08/व.ले.लि./ई-प्रोक्युरमेंट/2024-25, दि. 07.08.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 28.08.2024 समय 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम -**
मिनीमाता बांगो बांध माचाडोली के स्पीलवे ट्रीटमेंट का कार्य।
**अनुमानित लागत - रू. 953.59 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 14.08.2024 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोट :** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
अन्य निविदा संबंधी शर्ते विभाग के साईट https://eproc.cgstate.gov.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

जी-242501703/8

कार्यपालन अभियंता
मिनीमाता बांगो बांध संभाग क्र.3
माचाडोली, कोरबा (छ.ग.)

### अनमोल वचन......

प्रेम एक ऐसा अनुभव है जो मनुष्य को कभी हारने नहीं देता और घृणा एक ऐसा अनुभव है जो इंसान को कभी जीतने नहीं देता।

## मुक्ति संघर्ष का अपमान

बांग्लादेश में कुछ महीनों से आरक्षण को लेकर छात्रों का असंतोष इतना व्यापक हो गया कि 15 बरसों देश की सत्ता संभालने वाली प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से इस्तीफा देकर भारत भागना पड़ा।

अब बांग्लादेश में शासन सेना के हाथ में है। जनवरी, 2024 में हसीना ने लगातार तीसरी बार जनादेश हासिल किया था लेकिन मुख्य विपक्षी दल ने चुनाव का बहिष्कार किया था। चुनावों में धांधली का आरोप लगाया था। इसलिए माना जा रहा है कि चुनाव का बहिष्कार करने वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और कट्टर मुस्लिम संगठन जमायते इस्लामी परोक्ष रूप से छात्र असंतोष को हवा दे रहे थे। जाहिर है कि देश में राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने वाली ताकतों से हसीना सरकार को सख्ती से निपटना पड़ा। लेकिन यह सख्ती सरकार के लिए महंगी साबित हुई। जनाक्रोश बढ़ता गया और शेख हसीना के पसंदीदा सेना प्रमुख जनरल वकार-उजा-जमां भी उनकी सरकार को बचा नहीं पाए। हसीना सरकार के पतन से यह मिथक भी टूट गया कि देश का आर्थिक विकास शासनाध्यक्ष की सत्ता को स्थिरता प्रदान करता है।

वस्तुतः हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश आर्थिक विकास की पटरी पर तेजी से दौड़ लगा रहा था। करीब पचास वर्ष पूर्व जाने-माने अमेरिकी समाज विज्ञानी प्रो. हंटिगटन और नेल्स ने एक परिकल्पना प्रस्तुत की थी जो आज बांग्लादेश पर सही साबित हो रही है। इन विद्वानों का मत है कि विकासशील देशों में सामाजिक-आर्थिक समानता एवं जनसहभागिता के मध्य संघर्ष होता है। सामाजिक-आर्थिक विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों के बीच संतुलन कायम करने में हसीना विफल रहीं।

विपक्षी दलों द्वारा आम चुनाव का बहिष्कार, छात्रों के आरक्षण विरोधी आंदोलन को बलपूर्वक दबाना आदि सरकार के दमनकारी कृत्यों के कारण हसीना का पंद्रह वर्षों का शासन अचानक धराशायी हो गया। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे दुर्भाग्यपूर्ण पहलू यह है कि जनता 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संघर्ष के पक्ष और विपक्ष में बंट गई। हसीना का प्रदर्शनकारियों को 'रजाकर' कहने ने आग में घी का काम किया। रजाकर उन्हें कहा जाता है जो मुक्ति संघर्ष के विरोध में थे। हसीना के कामकाज की आलोचना की जा सकती है, लेकिन वह सेक्युलर नेता थीं। विडंबना है कि देश की नई पीढ़ी मुक्ति संघर्ष का अपमान कर रही है।

### राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम है। भाई- बहनों से यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, वह भी दूर होगी। परिवार को समय देने से घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज अपने कॉन्टैक्ट्स के जरीये आपको बिजनेस संबंधी अच्छी जानकारियां मिलेंगी। मार्केटिंग संबंधी काम स्थगित रखें। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को एक्स्ट्रा जिम्मेदारी मिल सकती है। अधिकारियों का दबाव भी रहेगा।

वृष राशिः आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। घर परिवार में चल रहे लड़ाई झगड़े को आप किसी बाहरी व्यक्ति के सामने ना आने दें। पिता का आशिर्वाद आप पर बना रहेगा। आज आपके काम करने की क्षमता में बेहतरीन बदलाव होगा। अपने व्यवहार से लोगों के बीच तालमेल बनाकर रखेंगे। किसी नजदीकी दोस्त की सलाह आपके लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा करें।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज परिवार के साथ घर पर मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। आज किसी खास काम को लेकर कोशिश कर रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। किसी खास इंसान की मदद से आपकी हिम्मत और हौसला बढ़ेगा। मोबाइल और ईमेल से अच्छी खबर मिल सकती है। मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

कर्क राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। संतान के साथ कुछ विवाद होने की संभावना बन रही है,आप उन्हें समझनें की कोशिश करें। आज परिवारिक गतिविधियों में ही व्यस्तता रहेगी। आर्थिक स्थिति बेहतर करने की कोशिश सफल रहेगी। प्रभावशाली लोगों के साथ संपर्क बनेंगे।

सिंह राशिः आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। संतान पक्ष से कोई खास खुशखबरी मिलेगी, घर में सभी लोग खुश होंगे। विरोधी पक्ष आपके सामने नतमस्तक होगा आपका सोशल नेटवर्क मजबूत बनेगा। आज आपके रूटीन में कुछ बदलाव होगा। आज आप जोखिम लेने में पीछे नहीं हटेंगे। ऐसा करने से आपको फायदा भी मिल सकता है। परिवार के किसी समझदार इंसान से महत्वपूर्ण सलाह मिलेगी। जिससे आप बड़े फैसले ले पाएंगे।

कन्या राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आज समय अनुकूल है, लेकिन मेहनत के अच्छे नतीजे हासिल करने के लिए कर्म प्रधान होना पड़ेगा। आज प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने की योजना बनाई है तो वो पूरी हो सकती है। आज परिवार में तालमेल रहेगा। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

तुला राशिः आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। लवमेट एक दूसरे की भावनओ को समझेंगे, कहीं बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे। आज दोस्तों के साथ मेल मुलाकात होगी। कोई असंभव काम पूरा होने से आप खुश रहेंगे। निजी मामलों का खुलासा बाहरी लोगों के सामने न करें।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। मिलजुल कर किये गए कार्यो में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी। निवेश के मामलें में आपको घर के बड़ों से कोई नई सलाह मिलेगी। आज घर के बड़े लोगों के मार्गदर्शन में पिछले कुछ समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। नया व्हीकल खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो समय अच्छा है।

धनु राशिः आज नए कार्यों करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। किसी काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद रहेगी। आज आप नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच करेंगे, आपकी कोशिशों में कुछ न कुछ कमी आ सकती है। आज आपकी रूटीन में कुछ बदलाव होंगे। आप धर्म, योगाभ्यास जैसे कामों में व्यस्त रहेंगे और मानसिक सुकून महसूस करेंगे। खास काम की नींव रखने के लिए दिन बहुत अच्छा है। जीवनसाथी के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। दोस्तों के साथ पुरानी बाते याद करते हुए समय बितायेंगे।

मकर राशिः आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको कोई नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। इस राशि के जो लोग खेल जगत से जुड़े हैं वो आज अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे।

कुंभ राशिः आजका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ो की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगी। बड़े बुजुर्गों के पैर छुए, धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे।

मीन राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में नयापन आयेगा। समाजिक कार्यो में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। घर से कलेश दूर हो जायेंगें। भाई-बहन के साथ घर परमूवी देखने का प्लान बनाएंगे।

# बांग्लादेश में चीन और आईएसआई ने मिलकर जो साजिश रची थी, वह सफल हो गयी है

**विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए दिन-रात कड़ी मेहतन करता और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ता हिंदुस्तान हमारे दुश्मनों को नहीं भा रहा है। इसलिए भारत में अशांति फैलाने के लिए तमाम प्रयास किये जाते हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का तख्तापलट हो गया और कई मामलों में दोषी ठहराये जाने के बाद से अपने घर में नजरबंद खालिदा जिया की रिहाई का आदेश भी आ गया। यदि आप बांग्लादेश में हाल में घटी सारी घटनाओं की कड़ियों को जोड़ेंगे तो पाएंगे कि यह सब कुछ तय पटकथा के हिसाब से हुआ है। इसलिए शेख हसीना सरकार का जाना और खालिदा जिया का कैद से बाहर आना भारत के लिए चिंताजनक खबर है।**

पहले ही डुरंड लाइन के नाम से मशहूर भारत और अफगानिस्तान सीमा तथा पाकिस्तान व चीन से लगती सीमाओं पर हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं और अब बांग्लादेश से लगती सीमाओं पर भी सुरक्षा हालात चुनौतीपूर्ण हो गये हैं। बांग्लादेश में जो घटनाक्रम घटा है यदि उसे आप भारत के परिप्रेक्ष्य में देखेंगे तो पाएंगे कि हमें घेरने के लिए चीन और पाकिस्तान जो प्रयास लंबे अर्से से कर रहे थे उसमें वह कुछ हद तक कामयाब हो गये हैं।दरअसल विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत करता और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ता हिंदुस्तान हमारे दुश्मनों को नहीं भा रहा है। इसलिए भारत में अशांति फैलाने के लिए तमाम प्रयास किये जाते हैं। दुश्मनों को लगता है कि भारत ने आतंक और उग्रवाद पर काबू पाने में जो सफलता पाई है कैसे उसे विफल करा जाये। इसके लिए वह तमाम तरह के हथकंडे अपनाते रहते हैं और सीधी लड़ाई से बचते हुए दायें या बायें से वार करना चाहते हैं।

दुश्मन को जम्मू-कश्मीर की शांति और पूर्वोत्तर क्षेत्र की प्रगति नहीं भा रही है। दुश्मनों ने जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर में आतंक और उग्रवाद को हवा देने के लिए तथा भारत को इस दंश से जूझने के लिए जो कड़ी मेहतन की थी उस पर पिछले दस सालों में पानी फेर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर में आतंकी कमांडरों और अलगाववादियों का सफाया हो चुका है। पूर्वोत्तर क्षेत्र भी अपेक्षाकृत शांत हो गया है। वहां के कई उग्रवादी संगठन सरकार से समझौता कर मुख्यधारा के जीवन में लौट आये हैं। उग्रवादी और आतंकी संगठनों को मिलने वाली टैरर फंडिंग पर भी रोक लग गयी है। जाहिर है यह सब पाकिस्तान और चीन को नहीं भा रहा था। खासतौर पर शेख हसीना के कार्यकाल में जिस तरह बांग्लादेश सरकार भारत को वरीयता देती थी उससे भी चीन नाखुश रहता था। ऐसे में चीन इस ताक में था कि कैसे इस स्थिति को बदला जाये। चीन को परेशान देख पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने मदद के लिए प्रस्ताव रखा और फिर योजनाबद्ध तरीकों से चीजों को आगे बढ़ाया गया।

बताया जा रहा है कि हाल के दिनों में बांग्लादेश के कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी से जुड़े छात्र संगठन इस्लामी छात्र शिबिर (आईसीएस) को पाकिस्तान में काम कर रही कुछ चीनी कंपनियों की ओर से फंडिंग भी दी गयी थी। इन पैसों का इस्तेमाल बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जनभावनाएं भड़काने और छात्रों का आंदोलन खड़ा करने में किया गया था। बताया जा रहा है कि चीन और आईएसआई की मिलीभगत से यह तय किया गया था कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार को गिराने के लिए कब क्या किया जाना है। इस्लामी छात्र शिबिर आईएसआई के बेहद नजदीकी माने जाने वाले देवबंदी आतंकी समूह हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी (हूजी) के साथ काम रहा था। बताया यह भी जा रहा है कि भारतीय खुफिया एजेंसियां लंबे समय से इस्लामी छात्र शिबिर की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थीं क्योंकि उन्हें खबर लगी थी कि भारत विरोधी एजेंडा आगे बढ़ाने की रणनीति बनाई जा रही है। बताया यह भी जा रहा है कि इस्लामी छात्र शिबिर के कुछ सदस्यों को पाकिस्तान और अफगानिस्तान में प्रशिक्षण भी दिलाया गया था। इस संबंध में कुछ वीडियो भी हाल के दिनों में खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों के हाथ लगे थे। बताया जा रहा है कि इन सबका एकमात्र उद्देश्य यही है कि बांग्लादेश में भी अफगानिस्तान के तालिबान जैसी सरकार बनाई जा सके। इस संबंध में आईएसआई ने पूरी मदद और समर्थन का भरोसा भी इस्लामी छात्र शिबिर को दिलाया था। यह सारे समूह चाहते थे कि दिन पर दिन जिस तरह भारत और बांग्लादेश के संबंध प्रगाढ़ होते जा रहे हैं उसको नुकसान पहुँचाया जा सके। चीन भी देख रहा था कि जिस तरह बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना विभिन्न मुद्दों पर चीन को वरीयता देने की बजाय भारत के साथ खड़ी हो जाती हैं उस स्थिति से तभी छुटकारा मिल सकता है जब बांग्लादेश में पाकिस्तान समर्थित सरकार बन जाये।जहां तक बांग्लादेश की मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी की बात है तो उसने कभी भी भारत विरोधी रवैया अख्तियार करने का मौका नहीं गंवाया। बताया जा रहा है कि बीएनपी के कार्यकर्ताओं ने इस्लामी छात्र शिबिर के साथ मिलकर सरकार विरोधी आंदोलन को हवा दी और आखिरकार अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहे। इसके अलावा, बांग्लादेश सेना जिस तरह कट्टरपंथियों के आगे घुटने टेकती दिख रही है और देश को अराजकतावादियों के हाथों में जाते देख रही है उससे भारत की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। बहरहाल, भारत को बांग्लादेश में हिंदुओं और हिंदू मंदिरों पर बढ़ते हमले रोकने की दिशा में कदम उठाने के अलावा पूर्वोत्तर क्षेत्र पर विशेष निगाह रखनी होगी।

यहां किसी भी राज्य में सरकार विरोधी आंदोलन को अगर हवा दी जाती है तो उसे तत्काल थामना होगा। दरअसल, पूर्वोत्तर क्षेत्र में भारत ने शांति को स्थापित करने के लिए जो मेहनत की है उसको बाधित करने के लिए उग्रवादी संगठन और कट्टरपंथी एड़ी चोटी का जोर लगाएंगे इसलिए बहुत सतर्क रहना होगा। साथ ही, पिछले कुछ वर्षों में भारत ने बांग्लादेश से होने वाली घुसपैठ, नशीली दवाओं और मानव तस्करी पर लगाम लगाने और नकली मुद्रा से संबंधित मुद्दों के समाधान की दिशा में जो सफलता प्राप्त की है, उसे भी विफल करने के प्रयास किये जायेंगे। इसलिए सावधान रहने की जरूरत है।

# बांग्लादेश के हालात से बहुत संतर्क रहना होगा

//अशोक मधुप //

**सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण पर रोक के बावजूद प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री शेख हसीना इस्तीफे पर अड़े रहे। 14 जुलाई को बतौर प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा था, स्वतंत्रता सेनानियों के पोते-पोतियों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। इस पर प्रदर्शनकारियों ने कहा कि क्या आरक्षण का लाभ रजाकारों के पोते-पोतियों को मिलेगा। बांग्लादेश में महीनों से सुलग रही आरक्षण और सरकार विरोधी चिंगारी सोमवार को भीषण आग के रूप में फूटी। 300 लोगों की मौत के बाद सेना भी उग्र भीड़ को संभाल नहीं पाई। नतीजतन करीब डेढ़ दशक से बांग्लादेश की सत्ता पर काबिज प्रधानमंत्री शेख हसीना को जान बचाकर देश से भागना पड़ा है। शेख हसीना भागकर फिलहाल भारत आई हैं।**



सूत्रों का कहना है कि शेख हसीना लंदन जाने की तैयारी कर रही हैं। शेख हसीना ने इंग्लैंड की सरकार से शरण मांगी है। बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शन जारी है। अब प्रदर्शनकारियों ने देश के चीफ ऑफ जस्टिस के घर में घुसकर तोड़-फोड़ की है। प्रदर्शनकारियों ने घर में मौजूद कार, फर्नीचर के साथ घर का सारा समान लूट ले गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को ढाका में इंडिया कल्चर सेंटर पर हमला बोला। साथ ही काली व इस्कॉन समेत देशभर में कम से कम चार मंदिरों में भी तोड़फोड़ की गई है। बांग्लादेश के अल्पसंख्यक डरे और सहमें हैं। वहां क्या हालात बनेंगे। वहां के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा कैसे होगी, इस पर भारत को नजर रखनी होगी। ये भी देखना है कि सरकार कैसी बनता है। उसका भारत के प्रति नजरिया कैसा होगा। नई सरकार कहीं इस्लामिक कट्टरवाद को बढ़ावा तो नही देगी। उसका रूख पाकिस्तान और चीन संमर्थक तो नहीं होगा। भारत को अपने देश की सीमा को पूरी तरह बंद रखना होगा, ताकि वहां के हालात से डरे नागरिक अपने भारत में न आ सकें।

1971 में बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी दिलाने की लड़ाई में शामिल क्रांतिकारियों के परिवारों को सरकारी नौकरियों में दिए जा रहे आरक्षण को खत्म करने की मांग के साथ पिछले महीने विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ। बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण पर पहले ही अंतरिम रोक लगा दी थी। ऐसे में सवाल उठता है कि प्रदर्शनकारी आखिर फिर से इतने हिंसक होकर सड़कों पर क्यों उतर आए। असल में हिंसा की यह नई लहर तब शुरू हुई जब प्रदर्शनकारियों ने असहयोग का आह्वान किया। इसमें लोगों से कर या बिजली बिल का भुगतान न करने और रविवार को काम पर न आने का आग्रह किया गया। सोमवार को जब कार्यालय, बैंक और कारखाने खुले, तो प्रदर्शनकारियों ने लोगों को काम पर जाने से रोकना शुरू कर दिया। सेना ने प्रदर्शनकारियों से निपटने के लिए गोलियां चलानी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों ने एक दिन पहले लगाए गए कर्फ्यू की परवाह किए बिना ढाका में प्रधानमंत्री आवास पर धावा बोल दिया। प्रदर्शनकारियों ने ढाका के शाहबाग इलाके में स्थित एक प्रमुख सार्वजनिक अस्पताल बंगबंधु शेख मुजीब मेडिकल यूनिवर्सिटी पर हमला किया है। प्रदर्शनकारियों ने जगह-जगह सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यालयों व वाहनों में भी आग लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण पर रोक के बावजूद प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री शेख हसीना इस्तीफे पर अड़े रहे। 14 जुलाई को बतौर प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा था, स्वतंत्रता सेनानियों के पोते-पोतियों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। इस पर प्रदर्शनकारियों ने कहा कि क्या आरक्षण का लाभ रजाकारों के पोते-पोतियों को मिलेगा। प्रदर्शनकारी छात्रों ने इस बयान के बाद, 'तुई के, अमी के रजाकार, रजाकार' के नारे लगाने शुरू कर दिए और हिंसा ज्यादा भड़क गई।बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेना द्वारा गठित रजाकार क्रूर अर्धसैनिक बल था। रजाकारों ने मुक्ति संग्राम में शामिल स्वतंत्रता सेनानियों और आम लोगों के खिलाफ अत्याचार किया। आज भी यह शब्द वहां अपमानजनक माना जाता है। इसका इस्तेमाल देशद्रोहियों और अत्याचारियों के लिए किया जाता है।बांग्लादेश में उथल-पुथल व तख्तापलट का इतिहास 1975 से शुरू होता है।हसीना के पिता और देश के पहले प्रधानमंत्री शेख मुजीबुर रहमान की उनके परिवार के ज्यादातर सदस्यों की हत्या कर दी गई। जनरल जियाउर रहमान ने सत्ता पर कब्जा किया। 1981 गेस्ट हाउस में घुसकर विद्रोहियों ने जियाउर रहमान की हत्या की। हालांकि, सेना का बड़ा तबका वफादार होने से तख्तापलट नाकाम रहा। 1982 रहमान के उत्तराधिकारी अब्दुस सत्तार को हुसैन मुहम्मद इरशाद के नेतृत्व में सत्ता से बेदखल कर दिया गया। इरशाद राष्ट्रपति बन गए। 2007 सेना प्रमुख ने एक कार्यवाहक सरकार का समर्थन किया, जो 2009 तक सत्ता पर काबिज रही। 2009 अर्धसैनिक बलों का विद्रोह.. में 70 लोगों की हत्या, इनमें से अधिकांश सैन्य अधिकारी थे।2012 सेना ने कहा, शरिया या इस्लामी कानून से प्रेरित तख्तापलट के प्रयास को विफल कर दिया है। स्पष्ट तौर पर बांग्लादेश में सुलग रही हिंसा के केंद्र में आरक्षण है। बांग्लादेश की जनसंख्या17 करोड़ है और देश में लगभग 3.2 करोड़ युवा बेरोजगार हैं।1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में शामिल लोगों के वंशजों को मिल रहे आरक्षण को खत्म करने के लिए छात्र मांग कर रहे हैं। इसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में शामिल रहे लोगों के वंशजों को 30 फीसदी आरक्षण दिया जाता है। 10 फीसदी आरक्षण महिलाओं के लिए भी है।अल्पसंख्यकों को धर्म के आधार पर पांच प्रतिशत व विकलांगों को एक फीसदी आरक्षण का प्रावधान है। पिछड़े जिलों में रहने वालों को 10 प्रतिशत आरक्षण मिलता है।बांग्लादेश में बेरोजगारी से परेशान युवक इस आरक्षण का विरोध कर रहे हैं।बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वकार, हसीना के रिश्ते में बहनोई हैं। सेना प्रमुख जनरल वकार वहां सबसे अहम चेहरा बनकर सामने आए हैं। उन्होंने ही शेख हसीना के देश छोड़कर जाने और इस्तीफे का एलान किया। 20 दिसंबर, 1985 को बांग्लादेश की सेना में शामिल हुए जनरल वकार की छवि एक बेहद अनुशासित अधिकारी की रही है। जानकारों का मानना है कि हसीना का बांग्लादेश छोड़कर जाना और वकार का कमान संभालना एक सोचा-समझा निर्णय है। शेख हसीना के देश छोडने के बाद देश के सेना प्रमुख ने कहा है कि वो सभी से बातचीत करके देश में अंतरिम सरकार बनवाएंगे! बांग्लादेश में तख्तापलट से पहले सत्तारूढ़ रही आवामी लीग पार्टी ने आरोप लगाया है कि देशव्यापी हिंसक प्रदर्शन के पीछे बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) का हाथ है। आवामी लीग के मुताबिक आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग दिखाती है कि विरोध-प्रदर्शनों के पीछे असल में छात्र नहीं, देश के मुख्य विपक्षी राजनीतिक दल- बीएनपी और प्रतिबंधित संगठन- जमात-ए-इस्लामी की रणनीति है। इनका मकसद किसी भी तरह से देश की सत्ता हासिल करना है।

बांग्लादेश में देशव्यापी आंदोलन के कारण राजनीतिक अस्थिरता का माहौल है। देश के राष्ट्रपति ने कहा है कि संसद भंग कर अंतरिम सरकार बनाई जाएगी। राष्ट्रपति ने विपक्षी नेता खालिदा जिया को रिहा करने का आदेश दिया है। खालिदा जिया विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की प्रमुख हैं और 1991-96 और 2001-06 के दौरान दो बार प्रधानमंत्री रह चुकी हैं। राष्ट्रपति बोले- खालिदा जिया की रिहाई के बाद अंतरिम सरकार का गठन होगा।बांग्लादेश के प्रदर्शनकारी नेताओं ने सोमवार को छात्रों से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से हटने के बाद देश में पैदा हुए हालात में किसी को भी लूटने का मौका न मिले, और उनसे अपनी मांगें होने तक शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करने का आग्रह किया। बांग्लादेश में उथल-पुथल के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की बैठक हुई है। जिसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर प्रधानमंत्री मोदी के पड़ोसी देश के हालात पर जानकारी दी है। देखना यह है कि बांग्ला देश में अब किसकी सरकार बनती है।उसका भारत के प्रति रूख कैसा होता है। नई सरकार भारत समर्थक होगी या कट्टर इस्लाम का रास्ता स्वीकार कर पाकिस्तान को अपना आका मानेगी।हालाकि बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वकार शेख हसीना के नजदीकी और रिश्ते में बहनोई लगतें हैं। उनसे उम्मीद है कि बांग्ला देश शेख हसीना के पद चिंहों पर चलेगा, किंतु वहां के राष्ट्रपति का रूख अभी देखना होगा।उसी रूख के आधार पर भारत को अपनी नई नीति बनानी होगी।

## तस्वीरों की दुनिया



शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी नई दिल्ली में संसद के मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा में बोलती हुईं।



शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से नई दिल्ली में मुलाकात की।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नवनिर्मित 300 बेड वाले हेल्थ सिटी विस्तार अस्पताल का निरीक्षण किया।




कोलकाता में विक्टोरिया मेमोरियल हॉल के बाहर, अशांति के बीच बांग्लादेश में शांति और सद्भाव के लिए मोमबत्ती जलाते लोग।



वायनाड में भारी बारिश के कारण हुए विनाशकारी भूस्खलन के बाद बचाव और राहत अभियान जारी है।



नई दिल्ली में मानसून सत्र के दौरान संसद भवन में प्याज और अन्य सब्जियों की बढ़ती कीमतों के खिलाफ विभिन्न विपक्षी दलों के सांसदों ने विरोध प्रदर्शन किया।



अभिनेत्री सोभिता धुलिपाला ने हैदराबाद में अभिनेता नागा चैतन्य से सगाई की।

# 2015 के बाद जेपीसी को भेजा जाने वाला 11वां बिल होगा वक्फ संशोधन विधेयक



**नईदिल्ली, 09 अगस्त [एजेंसी]।**

वर्ष 2015 से संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) को भेजे जाने वाले प्रमुख मसौदा विधेयकों की श्रृंखला वक्फ (संशोधन) विधेयक 11वां है।जीपीसी को भेजे गए अन्य विधेयकों में भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनःस्थापना में उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अधिकार (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2015, दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2015, प्रतिभूति हित का प्रवर्तन और ऋण वसूली कानून व विविध प्रविधान (संशोधन) विधेयक, 2016 और नागरिकता अधिनियम, 1955 में संशोधन करने वाला विधेयक शामिल हैं। वित्तीय समाधान और जमा बीमा विधेयक, 2017 और जन विश्वास (प्रविधानों में संशोधन) विधेयक, 2022 की जांच के लिए भी इसी तरह जेपीसी बनाई गई थीं। वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2023 जेपीसी को भेजा जाने वाला अंतिम विधेयक था। वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध करते हुए कांग्रेस सांसद के सी वेणुगोपाल ने कहा कि यह विधेयक संविधान पर हमला है। उन्होंने कहा कि विधेयक आस्था और धर्म के अधिकार पर हमला है। उनका तर्क है कि विधेयक महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड विधानसभा चुनाव की वजह से लाया गया है। वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का कहना है कि भाजपा हताश और निराश कट्टर समर्थकों के खातिर यह विधेयक ला रही हैं। उनका कहना है कि यह सोची समझी राजनीति के तहत किया जा रहा है। सपा सांसद मोहिबुल्ला नदवी ने विधेयक के माध्यम से मुस्लिमों के साथ अन्याय होने की बात कही। नदवी का कहना है कि अगर यह कानून पारित हुआ तो अल्पसंख्यक खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करेंगे। कहीं ऐसा नहीं हो कि जनता दोबारा सड़कों पर आ जाए।

## नीरज को पछाड़ जेवलिन में अरशद नदीम ने जीता गोल्ड 32 साल का खत्म किया ओलंपिक पदक का सूखा



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में नीरज चोपड़ा के हाथ निराशा हाथ लगी। वहीं, पाकिस्तान के अरशद नदीम ने सभी को चौंकाते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। अरशद ने 92.97 मीटर भाला फेंक कर ओलंपिक रिकॉर्ड बनाया। पाकिस्तान ने 32 साल बाद ओलंपिक में पहला मेडल जीता। पाकिस्तान ने आखिरा बार 1992 में ओलंपिक पदक जीता था। नीरज चोपड़ा के कड़े प्रतिद्वंद्वी अरशद नदीम ने पेरिस ओलंपिक्स 2024 के जेवलिन स्पर्धा के फाइनल में गजब का प्रदर्शन किया। पहला थ्रो फाउल करने के बाद दूसरे थ्रो में वापसी की। अरशद नदीम ने दूसरे थ्रो में 92.97 मीटर भाला फेंका। यह ओलंपिक रिकॉर्ड रहा। इससे पहले ओलंपिक रिकॉर्ड 90.57 मीटर रहा था। टोक्यो ओलंपिक में अरशद नदीम चौथे स्थान पर रहे थे। वहां से प्रेरणा लेकर नदीम ने इतिहास रच दिया।पाकिस्तान ने आखिरी बार 1992 में गोल्ड और ब्रॉन्ज मेडल जीता था। इसके बाद से पदकों का सूखा चल रहा था। 32 साल बाद नदीम ने यह सूखा खत्म किया। पाकिस्तान ने ओलिंपिक गेम्स में अब कुल 11 मेडल जीत लिए हैं।

## भारत में अस्थिरता पैदा करने के प्रयास, राष्ट्र सेविका समिति का दावा, हिंदुओं से की एकजुट रहने की अपील



**नई दिल्ली।** राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख शांता कुमारी ने दावा किया है कि बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल की पृष्ठभूमि में भारत में लोगों के बीच भ्रम और अस्थिरता पैदा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने हिंदू समाज से ऐसे किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए सतर्क और एकजुट रहने का आह्वान किया। राष्ट्र सेविका समिति एक महिला संगठन है। यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) जैसा ही संगठन है। शांता ने दावा किया कि प्रधानमंत्री शेख हसीना की निर्वाचित सरकार को गिराए जाने के बाद से बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे हैं। यह बहुत ही निंदनीय है।उन्होंने कहा कि वहां हिंदू मंदिरों पर हमले हो रहे हैं, लड़कियों को अगवा किया जा रहा है। ये सभी कृत्य अस्वीकार्य हैं। राष्ट्र सेविका समिति इसकी निंदा करती है। शांता कुमारी ने कहा कि हिंदू समाज को एकजुट और सतर्क रहते हुए ऐसी भारत विरोधी ताकतों से मुकाबला करना आवश्यक है। इसलिए मैं समस्त हिंदू समाज और राष्ट्र सेविका समिति की स्वयंसेवकों से अपील करती हूं कि वे एकजुट रहते हुए इस समस्या से निपटने का प्रयास करें।

## हॉकी टीम के लिए ओडिशा सीएम ने खोला खजाना, खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार राशि का ऐलान किया



**भुवनेश्वर।** भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक्स में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है। टीम की इस जीत पर देश गदगद है। इसी के साथ खिलाड़ियों पर पैसों की बारिश होने लगी है। ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी ने भारतीय हॉकी टीम की जीत पर खिलाड़ियों के साथ सहयोगी स्टाफ को को पुरस्कार राशि का एलान किया है। उन्होंने भारतीय हॉकी टीम को बधाई दी और कहा कि भारतीय हॉकी टीम ने स्पेन को हराकर पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता है, इस उपलब्धि को आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। मैं सभी खिलाड़ियों को बधाई देता हूं। मैं प्रत्येक खिलाड़ी को पुरस्कार राशि के रूप में 15 लाख रुपये, सहयोगी स्टाफ को दस लाख रुपये और ओडिशा निवासी अमित रोहिदास को चार करोड़ रुपये देने की घोषणा करता हूं। बीजेडी अध्यक्ष और ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक ने भारतीय हॉकी टीम से बातचीत की और उन्हें पेरिस ओलंपिक 2024 में सैपिन टीम पर जीत के लिए बधाई दी।

## चीतों को लेकर केन्या के साथ केंद्र ने समझौता किया या नहीं, सरकार ने संसद को दी जानकारी



**नई दिल्ली।** सरकार ने गुरुवार को संसद को बताया कि भारत में चीतों को लाने के लिए केन्या सरकार के साथ कोई समझौता नहीं हुआ है। केंद्रीय पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने प्रश्न के उत्तर में राज्यसभा में कहा कि भारत में चीतों के आने के बाद मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में 17 चीता शावकों का जन्म हुआ है। आठ चीतों का पहला जत्था नामीबिया से सितंबर 2022 में भारत लाया गया था। 12 और चीतों का दूसरा जत्था पिछले फरवरी में दक्षिण अफ्रीका से लाया गया था। नामीबियाई चीता आशा ने जनवरी में तीन शावकों को जन्म दिया। नामीबिया की एक अन्य मादा चीता ज्वाला ने भी उसी महीने तीन शावकों को जन्म दिया। उसने पिछले साल चार शावकों को जन्म दिया था, लेकिन उनमें से केवल एक ही जीवित बचा।मार्च में दक्षिण अफ्रीकी चीता गामिनी ने छह शावकों को जन्म दिया, जिसके बाद कुनो में शावकों सहित चीतों की कुल संख्या 26 हो गई है। पिछले मार्च से अब तक शौर्य सहित सात वयस्क चीतों की विभिन्न कारणों से मौत हो चुकी है।

# कच्चे कर्मचारियों की नौकरी सेवानिवृत्ति तक सुरक्षित, हर साल दो बार बढ़ेगा मानदेय, नायब सरकार ने दी बड़ी राहत

**चंडीगढ़, 09 अगस्त [एजेंसी]।**

हरियाणा में कौशल रोजगार निगम तथा आउटसोर्सिंग पालिसी पार्ट-1 और पार्ट-2 के आधार पर लगे एक लाख 20 हजार कच्चे कर्मचारियों को प्रदेश सरकार ने बड़ी राहत दी है। अतिथि अध्यापकों की तर्ज पर विभिन्न विभागों, बोर्ड-निगमों और स्वायत्त संस्थानों में लगे कर्मचारियों की सेवाएं 58 वर्ष तक के लिए सुनिश्चित की जाएंगी। इसके लिए प्रदेश सरकार एक्ट लाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। अब किसी कच्चे कर्मचारी की नौकरी नहीं जाएगी। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि 15 अगस्त तक पांच साल की नौकरी पूरी करने वाले सभी कच्चे कर्मचारियों की नौकरी 58 वर्ष की आयु तक सुनिश्चित करते हुए इन्हें पक्के कर्मचारियों के समान बेसिक वेतन दिया जाएगा।मुख्यमंत्री ने साफ किया कि सरकार जो पालिसी ला रही है, उसमें 50 हजार रुपये से अधिक वेतन लेने वाले कर्मचारी शामिल नहीं किए जाएंगे। इसके अलावा केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं में लगे कच्चे कर्मचारियों को भी इसका लाभ नहीं मिलेगा।हर साल एक जनवरी और एक जुलाई को अनुबंधित कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि की जाएगी। एक साल की सेवा के बाद सालाना वेतन वृद्धि, डेथ-कम-रिटायरमेंट ग्रेच्युटी और मेटरनिटी



एक्ट के तहत मिलने वाले सभी लाभ मिलेंगे। पीएम-जन आरोग्य योजना-चिरायु एक्सटेंशन योजना के तहत अनुबंधित कर्मचारियों के परिवारों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ भी दिया जाएगा।जिन कर्मचारियों को सेवाएं देते हुए पांच साल हो गए हैं, उन्हें पॉलिसी का लाभ मिलेगा। ऐसे कर्मचारियों को न्यूनतम पे स्केल से पांच प्रतिशत अधिक वेतन मिलेगा। इसी तरह आठ साल से कार्यरत कर्मचारियों को न्यूनतम पे-स्केल से 10 प्रतिशत अधिक वेतन मिलेगा। इससे अधिक वर्षों की नौकरी पर न्यूनतम पे-स्केल से 15 प्रतिशत अधिक वेतन दिया जाएगा। कच्चे कर्मचारियों के लिए घोषित किए गए सभी अतिरिक्त लाभ अतिथि अध्यापकों को भी मिलेंगे। पूर्ववर्ती हुड्डा सरकार में लगे 14 हजार अतिथि अध्यापकों के लिए हरियाणा की भाजपा सरकार पहले ही सेवा नियम बनाकर 58 साल तक के लिए नौकरी सुरक्षित कर चुकी है।फरवरी 2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विधानसभा में एक्ट पारित कराया था, जिसके तहत अतिथि अध्यापक सरकारी स्कूलों में सेवाएं दे रहे हैं।

हर छह महीने में महंगाई भत्ता बढ़ाया जाता है जोकि अतिथि अध्यापकों का वेतन नियमित शिक्षकों के न्यूनतम वेतनमान के बराबर होने तक जारी रहेगा। कर्मचारी संगठनों को एक्ट के आने का इंतजार ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट इंप्लाइज फेडरेशन के प्रधान सुभाष लांबा ने मुख्यमंत्री की घोषणा को सकारात्मक कदम बताया है, लेकिन साथ ही कहा कि सीएम की घोषणा के अनुसार सरकार आउटसोर्स एवं एचकेआरएन कर्मचारियों को रिटायरमेंट तक सेवा सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक्ट लाएगी। यह एक्ट सरकार कब लाएगी, इस पर स्थिति साफ नहीं की गई है। एक्ट विधानसभा में लाया जाता है, लेकिन सरकार मानसून सत्र पर अपने पत्ते नहीं खोल रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की कैबिनेट ने भी 2014 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अगस्त-सितंबर में कर्मचारियों को पंजाब के समान वेतन देने व रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाकर 60 साल करने की घोषणा की थी।

## लोहे की पत्ती टेप से चिपका देता हूं फिर, एटीएम चोर ने बताई अपनी तरकीब तो दंग रह गई पुलिस



**मुरादाबाद।** सिविल लाइंस पुलिस ने एटीएम मशीन में लोहे की पत्ती लगाकर रुपये चोरी करने वाले खुसहाग पार्क लोनी देहात, गाजियाबाद के नसीम को कांठ रोड आशियाना के गिरफ्तार किया है। चार अगस्त को आरोपी ने कांठ रोड पर मोरा में लगे एटीएम में लोहे की पत्ती लगाकर दस हजार रुपये चोरी किए थे। हिताची पेमेंट सर्विसेज की फ्रेंचाइजी के संचालक यश चतुर्वेदी ने छह अगस्त को सिविल लाइंस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उनकी कंपनी का एटीएम कांठ रोड पर मोरा में लगा हुआ है। चार अगस्त को दोपहर दो बजे एक व्यक्ति एटीएम में लोहे की प्लेट लगाकर चला गया, जिसका वीडियो सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया। इसमें वह वह एकीकृत जांच एटीएम मशीन से प्लेट निकाल कर कुछ पैसे अपनी जेब में रख रहा है। प्लेट लगने के बाद मशीन ने कुछ समय बाद काम करना बंद कर दिया था। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पड़ताल शुरू की। प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइंस मनीष सक्सेना ने बताया कि बुधवार को पता लगा कि वही युवक आशियाना में फिर से एटीएम में पत्ती लगाकर धोखाधड़ी से पैसा निकालने की फिराक में था। आरोपी को पुलिस टीम ने घेराबंदी करके पकड़ लिया। आरोपी ने अपना नाम नसीम बताया। वह गाजियाबाद में लोनी देहात के खुसहाग पार्क का रहने वाला है। आरोपी नसीम ने बताया कि वह एटीएम मशीन में रुपये निकलने वाली जगह पर लोहे की पत्ती टेप लगाकर चिपका देता है। इस बीच जो व्यक्ति रुपये निकालने आते थे। उनके रुपये इस पत्ती पर रुक जाते, इसको बाद वह निकाल लिया करता था। यदि पत्ती फंस जाती है तो चाकू की मदद से निकाल लेता है। एटीएम मशीन से रुपये निकालने वाली जगह के अनुसार छोटी-बड़ी पत्ती तैयार करता था। चार अगस्त को मोरा वाले एटीएम में उसने ऐसे ही दस हजार रुपये चोरी किए थे। वह पत्ती लगाने के बाद जैसे ही व्यक्ति रुपये निकालने आया। उसके रुपये खाते से कट गया, लेकिन पत्ती के कारण रुपये बाहर नहीं निकले थे। वह उसके निकलते ही पत्ती हटाकर रुपये निकाल लाया था।

## क्या पाकिस्तान का होने वाला है बांग्लादेश जैसा हाल, जनरल मुनीर को सता रहा खौफ, खानी पड़ी खुदा की कसम



**इस्लामाबाद, 09 अगस्त [एजेंसी]।**

बांग्लादेश में उत्पन्न अराजक स्थिति और तख्तापलट को ध्यान में रखते हुए पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने नकदी संकट से जूझ रहे देश में अस्थिरता पैदा करने के प्रयास के विरुद्ध गुरुवार को कड़ी चेतावनी दी। सेना प्रमुख ने कहा कि सशस्त्र बल ऐसे किसी भी कदम को नाकाम और देश की अखंडता की रक्षा करने में पूरी तरह से सक्षम है। इंटरनेट मीडिया पर चिढ़ाने वाली टिप्पणियां आने के बाद जनरल मुनीर ने यह सख्त टिप्पणी की है। इंटरनेट मीडिया पर अक्सर पाकिस्तान की स्थिति की तुलना बांग्लादेश से की जाती है। सेना प्रमुख ने कहा कि इंटरनेट मीडिया से देश में अराजकता फैल रही है। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के अनुसार, जनरल मुनीर ने कहा है, यदि कोई पाकिस्तान में अस्थिरता पैदा करने का प्रयास करता है तो खुदा कसम हम उसके सामने खड़े होंगे।

विश्व की कोई भी ताकत पाकिस्तान को नुकसान नहीं पहुंचा सकती क्योंकि यह देश हमेशा के लिए बना है। मौलवियों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए जनरल मुनीर ने कश्मीर मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा भारत और पाकिस्तान के बीच एक अधूरा एजेंडा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। पाकिस्तान की राजनीतिक अस्थिरता गंभीर हो चुकी है।

## नायब सरकार का बड़ा तोहफा, रक्षाबंधन पर बसों में फ्री यात्रा करेंगी महिलाएं

**चंडीगढ़, 09 अगस्त [एजेंसी]।**

हरियाणा के नायब सिंह सैनी सरकार ने बहनों को राखी की गिफ्ट दे दी है। सरकार ने रक्षाबंधन पर सभी महिलाओं की रोडवेज बसों की सफर को मुफ्त कर दिया है। सरकार के इस फैसले के बाद से रक्षाबंधन के दिन हरियाणा में महिलाएं मुफ्त में बस यात्रा कर सकती हैं।हर साल की तरह इस बार भी रक्षाबंधन पर हरियाणा में महिलाएं रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। महिलाओं के साथ 15 साल तक के दो बच्चों का भी टिकट नहीं लगेगा।18 अगस्त की दोपहर 12 बजे से 19 अगस्त की रात 12 बजे तक मुफ्त सफर की सुविधा



मिलेगी। परिवहन विभाग की ओर से इसका प्रारूप तैयार कर लिया गया है।

बसों में मुफ्त सफर की सुविधा 36 घंटे के लिए लागू रहेगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रक्षाबंधन पर महिलाओं को मुफ्त बस सफर की सौगात देने को मंजूरी दे दी है।कांग्रेस शासनकाल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने वर्ष 2014 में रक्षाबंधन पर महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की शुरुआत की थी। तभी से हर साल रक्षाबंधन पर महिलाओं को यह सुविधा मिलती आ रही है।

## नागचंद्रेश्वर मंदिर के खुले पट, आधी रात भक्तों की उमड़ी भीड़, लगाए जयकारे



**उज्जैन।** ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में नाग पंचमी का उल्लास शुरू हो गया है। गुरुवार रात 12 बजे मंदिर के शिखर पर स्थित भगवान नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट खोले गए। पश्चात महानिर्वाणी अखाड़े के महंत विनीत गिरी महारज ने भगवान नागचंद्रेश्वर का प्रथम पूजन किया।पूजा अर्चना के उपरांत आम दर्शन का सिलसिला शुरू हुआ, जो शुक्रवार रात 12 तक अनवरत जारी रहेगा। पट बंद होने की परंपरा का निर्वहन के लिए प्रशासन शुक्रवार रात 10 बजे भक्तों के दर्शन की कतार में लगने पर रोक लगा देगा। फिर एक साल बाद यानी अगली नागपंचमी पर मंदिर के पट खुलेंगे। गुरुवार रात भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन के लिए भक्तों में गजब का उत्साह दिखाई दे रहा था। देशभर से आए श्रद्धालु रात 10 बजे से ही दर्शन की कतार में खड़े हो गए थे। पूजन के बाद जैसे ही दर्शन की शुरुआत हुई भक्त जयकारे लगाते हुए मंदिर की ओर बढ़ने लगे। नागपंचमी पर नागचंद्रेश्वर मंदिर में त्रिकाल पूजा की परंपरा है। पट खोलने के साथ हुई प्रथम पूजा के बाद शुक्रवार दोपहर 12 शासन प्रशासन के अधिकारी भगवान नागचंद्रेश्वर का पूजन करेंगे। शाम 7.30 बजे भगवान महाकाल की संध्या आरती के बाद महाकालेश्वर मंदिर समिति की ओर से महाकाल मंदिर के पुजारी भगवान नागचंद्रेश्वर की पूजा करेंगे। शुक्रवार रात 12 बजे एक बार फिर से साल भर के लिए मंदिर के पट बंद हो जाएंगे।

### जल्द दिखने लगेगा मोबाइल पर कॉल करने वाले का नाम मंत्री बोले- सुविधा के लिए उठाए जा रहे आवश्यक कदम

**नई दिल्ली।** सरकार ने गुरुवार को संसद को बताया कि सरकार ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन (सीएनएपी) सेवा के कार्यान्वयन का परीक्षण और मूल्यांकन शुरू करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं। सीएनएपी को लेकर भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने सिफारिश की कि भारतीय दूरसंचार नेटवर्क में सीएनएपी सेवा के कार्यान्वयन से पहले सीएनएपी सेवा के कार्यान्वयन का परीक्षण और मूल्यांकन किया जाना चाहिए।संचार राज्य मंत्री पेम्मासानी चंद्रशेखर ने राज्यसभा में लिखित उत्तर में कहा, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा सीएनएपी के कार्यान्वयन का परीक्षण और मूल्यांकन शुरू करने के लिए सरकार ने आवश्यक कदम उठाए हैं। इस सुविधा के जरिये काल करने वाले के नाम का पता चल सकेगा।

## बिहार के 1303 पुलिसकर्मियों को मिली खुशखबरी रिटायरमेंट से पहले गृह जिला में हुआ ट्रांसफर



**पटना।** सेवानिवृत्ति की निकटता के आधार पर राज्य के 1303 पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों का अंतर जिला स्थानांतरण किया गया है।बिहार पुलिस मुख्यालय के कार्मिक एवं कल्याण प्रभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। जिन पुलिस कर्मियों का तबादला किया गया है, उनमें हर रैंक के अधिकारी शामिल हैं। आदेश के अनुसार, 16 इंस्पेक्टर, 644 दारोगा, 298 हवलदार, 195 एएसआइ, 118 सिपाही और 30 पुलिस चालक सहित चार अन्य पुलिस संवर्ग के पदाधिकारियों को उनके पसंद के जिले में पोस्टिंग दी गई है। इनका कार्यकाल छह माह से एक साल के बीच शेष है। पुलिस मुख्यालय के मुताबिक मुख्यालय स्तर पर गठित स्थानांतरण समिति ने रेंज आईजी-डीआईजी कार्यालयों के माध्यम से मिले प्रतिवेदनों पर 31 जुलाई को हुई बैठक में विचार किये जाने के बाद संबंधित पुलिसकर्मियों के तबादले का निर्णय लिया है। बिहार रियल इस्टेट रेगुलेटरी अथारिटी (रेरा) ने आनलाइन अप्वाइंटमेंट की नई व्यवस्था लागू की है। इस व्यवस्था के तहत आवेदक अपनी किसी भी समस्या को दूर करने के लिए दोपहर तीन से चार बजे के बीच संबंधित पदाधिकारी से मुलाकात कर सकेंगे। इसको लेकर वेबसाइट पर लिंक उपलब्ध कराया गया है। इसमें प्रोजेक्ट निबंधन के साथ मानीटरिंग एवं विधि मामलों से जुड़े मुद्दों पर आफलाइन भी सुनवाई हो सकेगी।

# महादेव सट्टा एप मामले में चार राज्यों में छापा, तीन गिरफ्तार 100 से अधिक मोबाइल व 500 से ज्यादा सिम बरामद

**रायपुर, 09 अगस्त [एजेंसी]।**



महादेव सट्टा एप पर तमाम प्रयासों के बावजूद रोक नहीं लग पा रही है। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने पिछले छह दिनों के दौरान चार राज्यों छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में एक दर्जन से ज्यादा ठिकानों पर छापा मारा। इस दौरान ओटीपी सेंटर संचालित करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें एक भारत ज्योति पांडेय रोहतास, बिहार से पकड़ा गया, जबकि दो अतुल सिंह व विश्वजीत राय छत्तीसगढ़ के भिलाई से पकड़े गए। आरोपितों के तार सीधे दुबई से जुड़े हुए हैं। सभी दुबई में बैठे महादेव सट्टा एप के प्रमोटर के लिए कड़ी का काम करते थे। इनके कब्जे से 100 से अधिक मोबाइल फोन, लैपटाप के साथ 500 से अधिक सिम कार्ड जब्त किए गया हैं। ईओडब्ल्यू ने आरोपितों को गुरुवार को रायपुर में कोर्ट में पेश कर छह दिनों के रिमांड पर लिया है। अधिकारियों के अनुसार ईओडब्ल्यू को आरोपितों से देशभर में संचालित महादेव सट्टा एप से पांच सौ पैनल ऑपरेटर के जुड़े होने की जानकारी मिली है।

पैनल से जुड़े व्हाट्सएप नंबर अलग-अलग राज्यों में सेंटर बनाकर रखे गए हैं, जिन्हें ओटीपी सेंटर के नाम से जाना जाता है।मूलरूप से ये फिजिकल सिम कार्ड को रिचार्ज करते हैं और ओटीपी प्राप्त करते हैं। इन नंबरों का व्हाट्सएप दुबई हेड ऑफिस से ऑपरेट किया जाता है। इन नंबरों को महादेव एप से जुड़े अलग-अलग प्लेटफॉर्म रेड्डी अन्ना, फेयर प्ले, लोटस, लायन बुक, डायमंड बुक, सीबीटीएफ बुक, अंबानी बुक आदि के कस्टमर केयर नंबर के नाम से जाना जाता है। इन नंबरों के व्हाट्सएप में मैसेज करने से ऑटो जनरेटेड मैसेज प्राप्त होते हैं कि किस अकाउंट में पैसे भेजने हैं, सट्टा खेलने के लिए कैसे आइडी मिलेगी। महादेव सट्टा एप का पैनल लेकर सट्टा संचालित करते पांच सटोरियों को भी मुंबई से गिरफ्तार किया गया है। इनमें मध्य प्रदेश के जबलपुर के कपिल मेहरा, शेखर कुकरेजा व अनमोल और छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के रोहित पंजवानी व सागर चेतवानी शामिल हैं। आरोपितों को मुंबई के जूहू तारा स्थित एक होटल से पकड़ा गया। उनके पास से दो लैपटॉप, 15 मोबाइल फोन और 11 हजार रुपये जब्त किए गए।

## बीकानेर हाउस में आयोजित साप्ताहिक तीजोत्सव

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में 4 अगस्त से 11 अगस्त तक चलने वाले साप्ताहिक उत्सव के चौथे दिन आज बुधवार को पूरा बीकानेर हाउस प्रांगण तीज के रंगों से सराबोर रहा। साज सज्जा, रंगारंग कार्यक्रम, रंग बिरंगी पोशाके, हैंडीक्राफ्ट्स ने अपने अद्भुत प्रदर्शनी से पूरे बीकानेर हाउस को तीजमय कर दिया।इस अवसर पर राजस्थान की प्रमुख आवासीय आयुक्त आलोक ने बताया कि श्रावण महीने में मनाया जाने वाला यह उत्सव अपने अंदर राजस्थानी कला एवं संस्कृति की अमिट छाप संजोए हुए हैं और दिल्ली में बसे प्रवासी राजस्थानियों और निवासियों को राजस्थानी कला संस्कृति की झलक दिखाता है। इस उत्सव में राजस्थानी कला संस्कृति से जुड़े प्रत्येक पहलू का एक ही जगह संगम देखने को मिलता है जो राजस्थान को एक विशिष्ट पहचान दिलाता है।

# राहगीर ध्यान दें:जल भराव वाले पुल-पुलिया से दूर रहें

## युवा व विद्यार्थी नदी-नाले, बांध व झरने के नजदीक सेल्फी न लें



**कोरिया।** कोरिया जिले की कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने नागरिकों और राहगीरों से आग्रह किया है कि वे जलभराव वाले पुल-पुलिया से आवागमन न करें। उन्होंने बताया कि पानी भराव और फिसलन के कारण दुर्घटनाओं की आशंका अधिक होती है, इसलिए इस तरह के स्थानों से दूर रहना ही सुरक्षित है।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने स्कूली और कॉलेज के छात्रों, युवाओं से भी अपील की है कि वे नदी, नाले, पहाड़, तालाब, बांध और झरने के पास सेल्फी न लें। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानों पर उत्सुकतावश स्नान या तैरने से बचना चाहिए, क्योंकि यह भी खतरनाक हो सकता है। कलेक्टर ने जल संसाधन, लोक निर्माण और पंचायत ग्रामीण विकास विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे पुल-पुलिया और अन्य दुर्घटना जनित स्थानों पर सूचना पटल लगाकर लोगों को सतर्क करें। इससे किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके। श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने कोरियावासियों से यह भी अपील की है कि वे खुले बोर, गड्ढों को ढकें और विशेषकर बरसात के मौसम में बच्चों का ध्यान रखें। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षकों को निर्देश दिए हैं आंगनवाड़ी और स्कूल आने-जाने वाले बच्चों का विशेष ध्यान रखें। साथ ही अभिभावकों से भी अनुरोध किया है कि वे मौसमी बीमारियों से बच्चों की सुरक्षा पर ध्यान दें।

# नीति आयोग के आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम के लक्ष्य को जल्द पूरा करें-कलेक्टर

**कोरिया बैकुंठपुर।** नीति आयोग के आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम के अंतर्गत सम्पूर्णता अभियान के संदर्भ में मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीति आयोग नई दिल्ली द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित कर आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम के अंतर्गत दिए गए लक्ष्य के प्रगति की समीक्षा की। इस वीडियो कांफ्रेंस में कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में आकांक्षी ब्लॉक- बैकुण्ठपुर, द्वारा भी उपस्थिति दी गई।



वीडियो कांफ्रेंस के पश्चात कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने आकांक्षी कार्यक्रम विकासखण्ड की समीक्षात्मक बैठक ली। बैठक के दौरान नीति आयोग द्वारा दिए गए 5 थीम, स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि एवं सम्बद्ध सेवाएँ, बुनियादी ढ़ाचे और सामाजिक विकास पर चर्चा की गई। जिसके संतृप्ति हेतु कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सम्बंधित विभागों को आवयश्क दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मेगा कैंप आयोजित कर ए.न.सी. रजिस्ट्रेशन, डायबिटीज एवं ब्लड प्रेशर स्क्रीनिंग, क्षय रोग, सिकल सेल एनीमिया एवं गर्भवती महिलाओं व बच्चों की स्वास्थ्य जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी से गर्भवती महिलाओं को समय से अनुपूरक भोजन देने एवं आँगनवाड़ी केन्द्रों में औषधियां युक्त पौधरोपण करने एवं उसकी समय से इंट्री व मूल्यांकन सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही किसानों को मृदा परीक्षण कार्ड जन चौपाल के माध्यम से वितरित करने एवं किसानों को इसके लाभ एवं महत्व की जानकारी देने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारी को दिए। उन्होंने राष्ट्रीय आजिविका मिषन स्व-सहायता समूह की ग्रामीण महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा जुड़ने के निर्देष दिए। जिससे उन्हे इस योजना से मिलने वाले लाभ मिल सके और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाया जा सकें। बैठक में कलेक्टर ने नीति आयोग द्वारा निर्धारित 6 संकेतकों के लक्ष्य को जल्द-से-जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिए। बता दें कि प्राथमिक विषयों के तहत पहचाने गए 40 संकेतकों का समीक्षा एवं सम्पूर्णता अभियान के तहत आकांक्षात्मक ब्लॉक में 6 पहचाने गए संकेतकों में संतुष्टि प्राप्त करना है।

जिसमें स्वास्थ्य विभाग के 3 संकेत ए.न.सी. रजिस्ट्रेशन, डायबिटीज एवं ब्लड प्रेशर स्क्रीनिंग, महिला एवं बाल विकास के संकेत, गर्भवती महिलाओं को अनुपूरक भोजन देने, कृषि विभाग के इंडिकेटर मृदा परीक्षण कार्ड के विरुद्ध मृदा सैंपल कलेक्शन करने एवं एन.आर.एल.एम. विभाग के संकेत, एस.एच.जी. के रेवोल्विंग फण्ड शामिल है। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उप-संचालक कृषि विभाग, जिला परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी, एबीपी फेलों एवं अन्य जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# कलेक्टर की अपील: सड़कों पर मवेशी न छोड़ें, दुर्घटनाओं से बचें



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में सड़कों पर आवारा मवेशियों के कारण बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए कोरिया जिले की कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को सड़कों पर न छोड़ें। उन्होंने कहा कि सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों के कारण गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं, जिससे जन-धन की हानि हो सकती है।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने जनपद पंचायत, पशुपालन विभाग, और नगरीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे राष्ट्रीय राजमार्ग, बाजार, और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में मवेशियों की उपस्थिति पर कड़ी निगरानी रखें। अधिकारियों को देर रात तक अभियान चलाकर सड़कों से मवेशियों को हटाने का कार्य जारी रखने का निर्देश दिया गया है।

जिला प्रशासन के इस अभियान के तहत बैकुंठपुर, सोनहत, शिवपुर-चरचा, पटना, खरवत, चेरवापारा, घुघरा, और राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर बैठे मवेशियों को हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पशुपालन विभाग के अधिकारी ने जानकारी दी है कि अभी तक 179 मवेशियों को रेडियम बेल्ट लगाए गए हैं, करीब 5700 पशुओं को सड़कों से विस्थापित की गई है तथा लापरवाह पशुपालकों से करीब 24 हजार रुपए की आर्थिक दण्ड की वसूली भी की गई है।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने पशुपालकों से कहा है कि अगर उनके मवेशी सड़कों पर पाए गए तो उनके खिलाफ आर्थिक दंड के साथ कड़ी कार्यवाही भी की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे सड़कों पर बैठे मवेशियों को हटाने में सहयोग करें। जिला पंचायत के सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने ग्राम पंचायत के सरपंचों और सचिवों से आग्रह किया है कि वे सड़कों पर मवेशियों को न बैठने देने के लिए ग्रामवासियों को जागरूक करें और इस समस्या के समाधान में प्रशासन का साथ दें।

# गुरु घासीदास नेशनल पार्क बनेगा टाइगर रिजर्व

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मंत्री परिषद में बहु प्रतीक्षित निर्णय पर मोहर लगा दी है। इस निर्णय से गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान जिसका ज्यादातर भाग कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड में आता है साथ ही यह एमसीबी जिले एवं सूरजपुर जिले में भी फैला हुआ है अब टाइगर रिजर्व कहलायेगा ।

गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के साथ-साथ सूरजपुर और बलरामपुर जिले में विस्तारित तैमोर पिंगला अभ्यारण भी टाइगर रिजर्व में जुड़ जाएगा । इस प्रकार यह गुरु घासीदास तैमोर पिंगला टाइगर रिजर्व के नाम से जाना जाएगा ।कोरिया सर्वविकास समिति के सचिव विवेक गुप्ता ने बताया कोरिया को अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र में स्थान दिलाने का प्रयास कोरिया सर्वविकास समिति के माध्यम से लंबे समय से किया जा रहा था ,उन्होंने बताया इसके लिए सबसे पहले वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के आला अधिकारियों से मिलकर टाइगर रिजर्व के लिए तकनीकी पहलुओं को कोरिया सर्वविकास समिति ने समझा था। कोरिया सर्व विकास समिति के प्रतिनिधि मंडल ने अधिकारियों से इसके संबंध में संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने के बाद छत्तीसगढ़ शासन के यशस्वी मुख्यमंत्री,वन मंत्री सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी इस संबंध में मांग पत्र सौंपा था ।श्री गुप्ता ने बताया की समिति के संरक्षक और सोनहत क्षेत्र के पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र तिवारी सहित सभी पदाधिकारी युवाओं के सहयोग के साथ सोशल मीडिया के माध्यम से टाइगर रिजर्व घोषित कराए जाने हेतु एक अभियान भी चलाए थे,इस अभियान को कोरिया जिला सहित प्रदेश भर के सोशल मीडिया यूजर्स का सपोर्ट मिला था। हम लोगों को छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी से जो आशाएं थी वह आज पूर्ण हुई है ।हम सभी कोरिया के उज्जवल भविष्य के लिए आशान्वित हैं ।तत्कालीन कलेक्टर कोरिया श्री विनय लंगेह का कोरिया को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने के लिए किए गए प्रयास और गुरु घासीदास नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व बनाने के लिए उनकी भूमिका कि हम सभी सराहना करते हैं। कोरिया जिला सहित सरगुजा संभाग पर्यटन क्षेत्र में विकसित होगा और पर्यावरण के क्षेत्र में बहुत बड़ा कार्य माना जाएगा। स्थानीय लोगों को रोजगार की प्राप्ति होगी और समूचे क्षेत्र का देश में विशिष्ट स्थान बनेगा।

## सरेआम शराब पीते आधा दर्जन गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई थाना पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर रावाभाठा में दबिश देकर सरेआम शराब पीते आरोपी सूरज साहू 26 वर्ष व विशाल श्रीवास 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# आज से हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार जिले में भी आजादी का अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता सप्ताह 9 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

हर घर तिरंगा' भारत की आज़ादी के 77वें वर्ष के उपलक्ष्?य में लोगों को अपने घर पर तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु 'आज़ादी के अमृत' महोत्सव के तत्वावधान में चलाया जा रहा एक अभियान है। झंडे के साथ हमारा संबंध सदैव व्यक्तिगत की बजाए औपचारिक और संस्थागत रूप में अधिक रहा है। आज़ादी के 77वें वर्ष के दौरान एक राष्ट्र के रूप में झंडे को सामूहिक रूप से घर पर लाना न केवल तिरंगे के साथ हमारे व्यक्तिगत संबंध का प्रतीक है बल्कि यह राष्ट्र निर्माण में हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। यह पहल लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत करने और भारत के राष्ट्रीय झंडे के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई है। संस्कृति विभाग ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के दौरान तिरंगा यात्राएं, रैलियां, तिरंगा दौड़ और मैराथन, तिरंगा कॉन्स्टर्स, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्रतिज्ञा, सेल्फी, तिरंगा सम्मान व तिरंगा मेला का आयोजन करने हेतु जिला कलेक्टरों को दिशा-निर्देश दिया गया है। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने कोरियावासियों से अपील की है कि हर घर तिरंगा के तहत जिले के सभी नागरिक, राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराएं ताकि देश प्रेम व देश भक्ति की भावना विकसित हो व राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि हो। इसी कड़ी में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत सरपंचों व पंचायत के अन्य सदस्यों, सार्वजनिक उपक्रमों, सामाजिक व निजी संगठनों, स्व-सहायता समूहों के सदस्यों, कर्मियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। हर शासकीय भवनों में तिरंगा फहराया जाएगा। जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने इस आयोजन के लिए जिला पंचायत के सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर श्री अरुण कुमार मरकाम व जिला खेल अधिकारी को सम्पूर्ण कार्यक्रम को बेहतर ढंग से आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।



# सलका के हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में भरा पानी

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में सप्ताह भर से लगातार हो रही बारिश से स्कूल परिसर में पानी भर गया है। इससे बच्चों को स्कूल आने जाने में परेशानी हो रही है। ग्राम पंचायत सलका में स्टेट हाईवे से लगे शासकीय आ.जा.क. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मेन गेट पर घुटने भर पानी भरने से स्कूल आने-जाने में बच्चों के कपड़े और जूते खराब हो रहे हैं। बारिश से स्कूल में जलभराव की समस्या को लेकर शिक्षकों समेत स्थानीय ग्रामीणों ने भी शिक्षा विभाग से इसकी शिकायत करते हुए समस्या दूर करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल का गेट सड़क से नीचे होने के कारण वह गड्ढे में होने से यहां जलभराव की समस्या बन रही है। ऐसे में यहां मुरूम मिट्टी पाटने की आवश्यकता है। अत्यधिक बारिश से महलपारा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल, ओड़गी छात्रावास, एमसीबी जिले के बरबसपुर स्कूल में भी जलभराव की समस्या बनी हुई है।

## ग्राम पंचायत कैलाशपुर के सरपंच हुए निलंबित

# नाली निर्माण में लापरवाही व आर्थिक अनियमितता की शिकायत पर की गई कार्यवाही

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सख्ती बरत रहा है। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने निर्देश दिए हैं कि कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही व अनियमितता बरतने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि सोनहत विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कैलाशपुर में कार्य में लापरवाही व अनियमितता के मामले में दोषी पाए जाने पर ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती रूपवती चेरवा को निलंबित की गई है। बता दें जनपद पंचायत सोनहत के अंतर्गत ग्राम कैलाशपुर में नाली निर्माण में गड़बडी, बिना सरिया व जाली के नाली निर्माण में भारी अनियमितता की खबर प्रकाशित होने पर जिला स्तरीय जांच गठित समिति द्वारा जांच प्रतिवेदन अनुसार %उक्त नाली निर्माण में सरिये का प्रयोग नहीं किया गया है, निर्मित नाली गुणवक्ताहीन पाई गई है तथा सामग्री मद से 2.56 लाख रुपए का अतिरिक्त मूल्याकंन एवं सत्यापन व मजदूरी मद में 51 हजार रुपए अतिरिक्त भुगतान जैसे गंभीर आर्थिक अनियमितता व लापरवाही बरती गई। सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने इस मामले के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत कैलाशपुर में महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत पक्की नाली निर्माण का कार्य स्वीकृत किया गया था और इस कार्य के लिए ग्राम पंचायत को निर्माण एजेंसी नियुक्त किया गया था। नाली निर्माण गुणवत्ताहीन होने की शिकायत पर जिला स्तरीय टीम से अविलंब जांच कराई गई और गुणवत्ताहीन कार्य को तोड़ने के आदेश जारी की गई। साथ ही जांच में दोषी पाए गए ग्राम पंचायत सचिव रामप्रकाश साहू को तत्काल निलम्बित कर दिया गया तथा तकनीकी सहायक सुरेश कुर्रे को भी पद से पृथक करते हुए अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित की गई है। साथ ही उक्त कार्य में घटिया निर्माण सामग्री प्रदाय करने वाले फर्म को काली सूची में दर्ज किया गया है। निर्माण एजेंसी के तौर पर सरपंच को भी अनियमितता का दोषी पाया गया और पंचायती राज अधिनियम की धाराओं के तहत कार्यवाही हेतु विहित प्राधिकारी व सोनहत अनुविभागीय अधिकारी राकेश कुमार साहू ने प्रकरण दर्ज कर छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा-39 (1) के प्रावधानों के तहत सरपंच श्रीमती रूपवती चेरवा को इस न्यायालय में संस्थित प्रकरण के निराकृत होने तक ग्राम पंचायत कैलाशपुर के सरपंच पद से तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किया गया है। सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि किसी भी योजना के क्रियान्वयन व निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा और जांच में दोषी पाए जाने पर सम्बन्धितों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी निर्माण एजेंसियों को प्रावधान के अनुसार ही निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं।

## बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति ने कांवड़ियों के लिए रहने खाने की व्यवस्था की

**रामानुजगंज।** नगर पंचायत अध्यक्ष और बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति के संयोजक रमन अग्रवाल के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में संचालित कावड़ यात्रियों के लिए निशुल्क ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था में आज छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल अपनी धर्मपत्नी, स्वजनों,मित्रजनों के साथ पहुंचे जहां उन्होंने प्रसाद ग्रहण किया एवं कांवरिया सेवा समिति के कार्य की जमकर सराहना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि महादेव की कृपा है कि मैं 1998 से लगातार बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा कर रहा हूं कई बार पैदल भी कांवर लेकर गया हूं। हमारे छत्तीसगढ़वासी खुशहाल समृद्ध बने इसी कामना के साथ बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा पर जा रहा हूं आज मुझे बहुत खुशी हुई कि छत्तीसगढ़ की सीमा पर रामानुजगंज में बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले कांवरियों की निशुल्क सेवा की जा रही है। उन्होंने इस कार्य के लिए बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति की जमकर सरहाना की। नगर पंचायत अध्यक्ष एवं बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति के प्रमुख रमन अग्रवाल ने कहा कि नगरवासियों के सहयोग से श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करने बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा में जाने वाले कांवरियों की सेवा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी की जा रही है।

# ट्रक को जब्त होने से बचाने फर्जी नंबर से चला रहा था मालिक

**लखनपुर।** किश्त की अदायगी नहीं करने पर फाइनेंस कंपनी द्वारा वाहन जब्त करने की आशंका से वाहन मालिक ने आसान तरीका अपनाया। उसने ट्रक में फर्जी नंबर अंकित करवाया। फर्जी नंबर से संचालित ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक की मौत के बाद जांच में कूटरचना का राजफाश हो गया। पुलिस ने ट्रक मालिक दुर्ग जिले के पाटन थाना के ग्राम दैमार निवासी कोमलकान्त (29) को कूटरचना और धोखाधड़ी के आरोप पर गिरफ्तार कर लिया है।

अंबिकापुर - बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम जजगा के समीप लगभग डेढ़ वर्ष ट्रक ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी थी। इसमें करमचंद मझवार नामक युवक की मौत हो गई थी ।ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनएम 9953 को खड़ी कर चालक भाग गया था। लखनपुर पुलिस ने ट्रक को जब्त कर मामले की जांच शुरू की। वाहन में लिखे नंबर के आधार पर वाहन स्वामी का पता किया जा रहा था। पंजीयन नंबर से वाहन मालिक का पता चला। उससे पूछताछ की गई तो उसने उक्त नंबर की ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त नहीं होने की जानकारी दी गई। उन्होंने ट्रक के उनके आधिपत्य में होने की जानकारी भी दी गई। इससे पुलिस का माथा ठनका। जब्त ट्रक से इंजिन एवं चेचिस नंबर के आधार पर परिवहन विभाग से जानकारी ली गई। तब पता चला कि उक्त ट्रक का वास्तविक नंबर सीजी07 सीसी7613 है। वाहन मालिक कोमलकान्त को थाने बुलाया गया। पूछताछ में उसने बताया कि दो ट्रक 2019 एवं 2022 में फाइनेंस में लिया था। 2019 में लिए ट्रक का क़िस्त अदा नहीं कर पाने के कारण फाइनेंस कम्पनी द्वारा ट्रक को सीज कर लिया गया था। उक्त दुर्घटनाकारी ट्रक का भी किश्त वाहन स्वामी नही अदा कर पा रहा था ।गाडी फाइनेंस कम्पनी से बचाने हेतु गाड़ी का मूल रजिस्ट्रेशन नंबर खोलकर अपने पास रख लेना और मूल रजिस्ट्रेशन नंबर की जगह फर्जी नंबर लिखकर वाहन स्वामी स्वयं चला रहा था। मामले में धारा 420, 467, 468, 471 भा.द.वि. जोड़कर आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर निरीक्षक अश्वनी दीवान, सहायक उप निरीक्षक नेतराम पैकरा, प्रधान आरक्षक रवि सिंह, आरक्षक जानकी राजवाड़े शामिल रहे।

## पूर्व विवाद को लेकर दो पक्ष भिड़े

**रायपुर।** जगन्नाथ चौक कोटा में पूर्व विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से वीर सावरकर नगर हीरापुर निवासी नवतेज सिंह 29 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह जगन्नाथ चौक कोटा गया था, तभी आरोपी सकील खान, मोहम्मद इंसाफ खान, शिवशंकर और रणवीर सिंह ने पूर्व विवाद को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी शिव शंकर सिंह 32 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी हरविंदर सिंह, रवि लोखंडे व नवतेज सिंह ने पूर्व विवाद को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किए। दोनों पक्षों की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## जुआ खेलते दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** विधानसभा पुलिस ने कैरम बोर्ड से जुआ खेलते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों क पास से 3 नग स्टाइगर और नकदी 1300 रुपए जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ओव्हरब्रीज के नीचे दबिश देकर आरोपी जानसा अली 44 वर्ष व एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 नग स्टाइगर और नकदी 1300 रुपए जब्त किया है।

## एसपी ने रक्षित केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**कोरिया।** वरिष्ठ कार्यालय द्वारा समय समय पर जारी दिशा निर्देशों के तारतम्य में दिनांक 05 अगस्त 3024 को पुलिस अधीक्षक कोरिया सूरज सिंह परिहार ने रक्षित केंद्र बैकुंठपुर में जिले के लिए उपलब्ध बलवा ड्रिल सामग्री का स्वयं निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने सामग्री की गुणवत्ता और मात्रा की जांच की ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आपात स्थिति में इनका सही तरीके से उपयोग हो सके। उल्लेखनीय है कि पूर्व में पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा भौतिक सत्यापन कराया गया था जिसका पुन: क्रॉस चेक एसपी कोरिया द्वारा किया गया है। एसपी कोरिया ने बलवा ड्रिल सामग्री का निरीक्षण करते हुए रक्षित निरीक्षक को कुछ उपकरणों को अद्यतन करने के निर्देश दिए और सुनिश्चित करने को कहा कि सभी सामग्री सही और कार्यशील स्थिति में हो। उपकरणों को स्थानीय स्तर पर सही कराने और कुछ उपकरणों की खरीदी के लिए भी ऋ्फ्ह को निर्देशित किया गया है। सत्यापन के दौरान, पुलिस अधीक्षक ने बलवा ड्रिल के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि बलवा ड्रिल सामग्री का सही और समय पर उपलब्ध होना पुलिस बल की तैयारी और कार्यक्षमता को बढ़ाता है। इन उपकरणों का उपयोग आपातकालीन स्थितियों, दंगों और अन्य कानून व्यवस्था संबंधी चुनौतियों से निपटने में होता है और यह सुरक्षा बल की रक्षा करने के साथ साथ फोर्स मल्टीप्लायर का काम भी करते हैं।

# दूसरी बार बाढ़ की स्थिति बनी दादर नाला में, पास की बस्ती में घुसा पानी





**कोरबा।** सावन में लगातार हो रही बारिश से चौतरफा स्थिति बाधित है। इस सत्र में भारी बारिश के कारण कोरबा नगर निगम क्षेत्र के दादरनाला में दूसरी बार बाढ़ ने उपस्थिति दर्ज कराई। आसपास के रिहायशी क्षेत्र के अलावा कई और क्षेत्रों में बारिश के पानी के जमाव ने परेशानियां खड़ी कर दी। लोगों की नाराजगी के बाद प्रशासन और नगर निगम की टीम ने इन क्षेत्रों का जायजा लिया। सुधार के लिए आवश्यक कार्य कराने पर जोर दिया गया।

वर्ष 2024 में भले ही मानसून संभावित तिथि से एक पखवाड़े बाद सक्रिय हुआ लेकिन उसकी क्रियाशीलता ने कोरबा नगर के साथ-साथ जिले में कुल मिलाकर परेशानियों को बढ़ा दिया। अब तक के दौर में छत्तीसगढ़ आपदा प्रबंधन विभाग ने कई अवसर पर एलो अलर्ट जारी किया जिसका असर समयसीमा से कई दिन बाद हुआ। पिछले एक सप्ताह से बारिश के क्रमिक रूप ने सभी क्षेत्रों को पानी-पानी कर दिया। पिछली मध्य रात्रि से एक रफ्तार में हो रही बारिश के कारण विभिन्न इलाकों पर इसका सीधा असर पड़। अलग-अलग क्षेत्रों से होकर आने वाला बारिश का पानी कोरबा के सबसे बड़े नाले में जा समाया और उसके चलते इस सीजन में दूसरी बार दादरनाला ओवरफ्लो हो गया। कम चौड़ाई और ऊंचाई वाले इस नाले से पानी को आगे निकलने का रास्ता नहीं मिला। ऐसे में पुल के उपर चार फीट तक का पानी का बहाव सुबह 8 बजे तक कायम रहा।

पानी निकासी से जुड़ी हुई समस्या के बीच परेशान हो रहे लोगों को आज मुश्किल तब हुई जब दादरनाला के पानी ने परशुराम नगर के साथ-साथ उन क्षेत्रों को अपनी जद में ले लिया जा नजदीक में बसे हैं और यहां पर संरचना कुछ ऐसी है जिसके चलते हर बारिश में समस्याएं पैदा होती है। बारिश का पानी लोगों के घरों तक जा पहुंचा जिससे चुनौतियां पेश आईं। जिन मकानों में बेहतर बाउंड्रीवाल बनी हुई है, वे इस संकट से काफी हद तक बचे रहे। रात से सुबह 10 बजे तक इन इलाकों में लोगों को बेहद परेशान होना पड़ा। सूचना मिलने के बाद प्रशासन हरकत में आया। उसने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को जायजा लेने के लिए मौके पर भेजा। इसके साथ फौरी तौर पर सुनिश्चित किया गया कि पानी की निकासी के लिए व्यवस्था की जाए ताकि समस्या को और बढ़ने से रोका जा सके।

### अतिक्रमण का सिरदर्द

बताया जा रहा है कि मौजूदा सीजन में जिन क्षेत्रों में जल भराव की समस्या पैदा हुई वहां अतिक्रमण के साथ-साथ अपेक्षित साफ-सफाई की कमी को जिम्मेदार माना गया। समय पर न तो अतिक्रमण रोकने की दिशा में कदम उठाए गए और न ही साफ-सफाई के बारे में सोचा गया। इसकी कीमत अब चुनौतियों को बर्दाश्त करने के रूप में चुकानी पड़ रही है।

### जोखिम मोल लेने को उतारू रहे लोग

दादरनाला पुल पर बाढ़ की स्थिति बनने के बावजूद दोपहिया सवार लोगों ने खतरा मोल लेने में कुछ ज्यादा ही रूचि दिखाई। जरूरत से कहीं ज्यादा वे बारिश के इस क्षण को इन्ज्वाय करने के मूड में थे। जबकि पुल के दोनों तरफ शुरुआती कुछ घंटों में स्थानीय लोगों ने इस तरह की हरकत करने वालों को रोका लेकिन कोई असर नहीं पड़ा। इस दौरान एक-दो मौके ऐसे आए जब दोपहिया आफत में फंसते दिखाई दी। किसी तरह उन्हें निकाला जा सका। हद होने पर लोगों ने प्रशासन और पुलिस को सूचित किया। अधिकारियों की टीम के यहां पहुंचने और निगरानी करने के बाद मनमानी पर ब्रेक लग सका। इससे पहले इस प्रकार के नजारे हरदीबाजार की पितनी और लीलागर नदी में देखे जा चुके हैं तब वहां पर घटनाएं भी हुई। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि कहीं भी पुल के उपर से पानी जाने की स्थिति में आवाजाही करने से बचा जाए।

### किया जा रहा काम

*प्रभावित क्षेत्रों दादर, खरमोरा, पोड़ीबहार आदि का जायजा लिया गया। देखने को मिला कि पानी को जहां निकलने का रास्ता नहीं मिला, वहां समस्याएं हुई। नगर निगम ने जेसीबी और अन्य संसाधन के साथ सुधार कार्य कराना शुरू कर दिया है।*

***- राजकिशोर प्रसाद, महापौर***

# अतिवृष्टि से तबाही : गेवरा के ओबी फेस में कई वाहन दबे



**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की कोरबा जिले की ओपन कास्ट माइंस के लिए बारिश का मौसम इस बार परेशानी का कारण बना हुआ है। कुसमुंडा में एक अधिकारी के बहकर मृत होने की घटना के बाद अब गेवरा में हादसा हो गया। यहां जनहानि तो नहीं हुई लेकिन बारिश के साथ आए मलबा में कई वाहन दब गए। इससे भारी-भरकम नुकसान की खबर है।

सूचनाओं के मुताबिक विश्व की सबसे बड़ी ओपन कास्ट माइंस गेवरा में के.जे.सिंह के साइड पर यह घटना बीती रात्रि हुई। रात से ही बारिश का दौर जारी है। हर तरफ इसने अपना असर डाला। ओपनकास्ट कोल माइंस में कोयला निकालने की प्रक्रिया से पहले सतह में भारी भरकम खोदाई की जाती है। इस दौरान निकलने वाली मिट्टी और पत्थर को हटाने के साथ नजदीकी क्षेत्र में डंप किया जाता है। बताया गया कि के.जे.सिंह को यहां ओवरबर्डन का काम मिला हुआ है। इस इलाके में बड़ी संख्या में मशीनरी और अन्य संसाधन लगाए गए हैं। कामकाज के अंतर्गत उन्हें इस इलाके में खड़ा किया जाता है। रात्रि से लगातार हो रही बारिश का रौद्र रूप सामने आया तो ओबी से मलबा भी बड़ी तेजी से बहना शुरू हो गया। इसके साथ वजनी चीजें बहकर भी सामने आईं। इसने वाहनों को अपनी जद में ले लिया। घटनाक्रम में कितने वाहन चपेट में आए इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है लेकिन जो वीडियो और फोटो सामने आए हैं उनमें कई वाहनों को प्रभावित हुए देखा गया है। दूसरी ओर गेवरा क्षेत्र में कार्मिक विभाग के अधिकारी से इसे लेकर चर्चा की गई तो उन्होंने ऐसी किसी घटना से साफ इंकार किया। यह भी बताया गया कि गेवरा क्षेत्र बारिश के मौसम में सुरक्षित है। आज ही सुरक्षा टीम आई हुई है और उसके साथ अधिकारी बातचीत कर रहे हैं।

### सहायक प्रबंधक की हुई थी मौत

एक पखवाड़ा पहले कुसमुंडा क्षेत्र की मेगा माइंस में इसी प्रकार का हादसा हुआ था जिसमें सहायक प्रबंधक जितेंद्र नागरकर की मौत हो गई थी। भारी वर्षा के साथ लैंड स्लाइडिंग होने से बड़ी मात्रा में मलबा के बहाव में पांच कर्मचारी आ गए थे। इनमें से चार किसी तरह बच गए जबकि मार्गदर्शन करने वाले नागरकर खुद चपेट में आ गए। 15 घंटे के रेस्क्यू के बाद उनका शव मिला था।

## मनाई गई नागपंचमी

**कोरबा।** नागपंचमी का पर्व कोरबा शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नाग की पूजा की गई। सपेरों ने कई स्थानों पर नाग का प्रदर्शन किया। लोगों ने इसके दर्शन कर आशीर्वाद मांगा।

# तीन महिलाओं की जान लेने वाले लोनर को खदेड़ा गया जिले से बाहर



**कोरबा।** तीन महिलाओं की जान लेने वाले दंतेल हाथी को वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार कोरबा जिले के बाहर खदेड़ दिया गया है। तीन हाथी क्षेत्र में देखें जाने को वन विभाग की टीम ने अफवाह बताया है। केवल एक ही हाथी था जो कुसमुंडा क्षेत्र के आसपास उसकी उपस्थिति ने दहशत का माहौल निर्मित हो गया था। हाथी की सुरक्ष के ग्राम खोडरी में बिजली रात भर बंद कर दी गई थी, ग्रामीणों को अंधेरे और दहशत में रात गुजारनी पड़ी।

इस संबंध में पाली एसडीओ चंद्रकांत टिकरिहा ने बताया कि हाथी के इधर-उधर भागने और खासकर खेतों व आबादी क्षेत्र में जाने के कारण उसे करंट लगने का खतरा बना रहता है। अनेक लोग हुकिंग के जरिए कनेक्शन लिए रहते हैं तो खेतों में पानी सिंचाई आदि के लिए मोटर पंप लगाने बिजली के कनेक्शन खींचे गए हैं जो काफी कम ऊंचाई पर रहते हैं। ऐसे में हाथी इधर-उधर भागते वक्त करंट के संपर्क में ना आ जाए, इसके एहतियातन इलाके की बिजली फीडर से बंद कराई गई थी। रात में जब हाथी गांव खोडरी से बाहर निकला तब बिजली फिर से बहाल कराई गई।

इधर दूसरी तरफ सुबह से गुल हुई बिजली रात करीब 10.15 बजे वापस लौटी। ग्रामीणों में इस बात की चर्चा है कि चूंकि हाथी ग्राम खोडरी स्थित वृंदावन के जंगल में छिपा हुआ था और जिस जगह पर हाथी की मौजूदगी कई घंटे तक बनी थी, वहां ही ट्रांसफार्मर होने के कारण विद्युत सुधार का कार्य नहीं हो सका था। इसकी वजह से ग्रामीणों को सुबह से लेकर रात तक अंधेरे में रहना पड़ा।

हालांकि हाथी से बचने के लिए रोशनी करना भी एक माध्यम है लेकिन हाथी की जान को खतरा न हो इसके लिए बिजली गुल रही और लोग अपने-अपने घरों में दुबक कर हाथी के चले जाने की विनती करते रहे। एसडीओ ने बताया कि वर्तमान में हाथी कोरबा जिले की सीमा से निकाला जा चुका है, पंतोरा के निकट छाता के जंगल में वह मौजूद है। वन विभाग द्वारा इसकी लगातार ट्रैकिंग की जा रही है।

## मंडलों में आज से बैठक शुरू

**कोरबा।** हर घर तिरंगा को लेकरर भाजपा ने मंडलो में बैठक शुरू कर दी है। आज हरदी बाजार व बांकीमोगरा की बैठक होगी। जिसमें हरीश थरवानीय मनीष मिश्रा, हनुमान पाण्डेय मुकुल कर्ष, माधव जायसवाल मौजूद रहेगें। जबकि कल दीपका नगर मंडल की बैठक है। इस बैठक में सूर्यप्रकाश शर्मा व राजू प्रजापति हर घर तिरंगा को लेकर रणनीति तैयार करेगें। युवा मोर्चा के नेतृत्व में 11 अगस्त से लेकर सभी विधानसभा क्षेत्रों में मोटर साइकिल रैली तिरंगा झण्डे के साथ निकाली जाएगी। इसकी भी सभी मंडलों में चर्चा होगी। कोरबा विधानसभा के सुभाष राठौर, दीक्षित देवांगन, रामपुर विधानसभा से प्रीति स्वर्णकार, नरेन्द्र मिझंवार, धनजंय चौहा, दिनेश तिवारी नवीन देवांगन तैयारी कर रहे है।

## नहीं मिली राहत

**कोरबा।** मुड़ापार बायपास रोड में पुल बनाए जाने की मांग क्षेत्र के निवासियों द्वारा काफी दिनों से की जा रही है लेकिन न तो नगर निगम ध्यान दे रहा है और न ही प्रशासन।

## हमले में मृत लोगों के परिजनों को दी शुरुआती सहायता

**कोरबा।** दंतैल हाथी के हमले में खैरभावना गांव में दो महिलाओं के मौत के मामले में वन विभाग की टीम ने तात्कालिक तौर पर मृतकों के परिवार को पंचनामा के बाद 25-25 हजार रुपयों की सहायता राशि उपलब्ध कराई है। बीती रात दस बजे यह घटना हुई थी,जहां दंतैल हाथी ने तीज कुंवर और सुरजा बाई की जान ले ली थी। परिजनों ने बताया,कि हाथी ने जब गांव में प्रवेश किया तब उन्हें मौत के और कुछ नजर नहीं आ रहा था।

कोरबा में जंगली हाथियों का आतंक कम होने के बजाए बढ़ता जा रहा है,जिससे जान माल का काफी नुकसान हो रहा है। बीती रात खैरभावना गांव में एक दंतैल हाथी के हमले में दो महिलाओं की जान चली गई। हाथी ने तीज कुंवर और सुरजा बाई को अपने पैरों तले रौंदकर मौत के घाट उतार दिया।

## न्यू राजस्व कालोनी में रिसाव प्लास्टर गिरने से परेशानी

**कोरबा।** डिंगापुर रामपुर क्षेत्र में विकसित की गई न्यू राजस्व कालोनी बारिश के मौसम में समस्याग्रस्त है। इसके चलते यहां पर रहने वाले कर्मचारी और उनके परिजन परेशान हैं। पीड़ितों ने बताया कि आवासों में जहां-तहां रिसाव हो रहा है। उपर के हिस्से से प्लास्टर टूटकर गिर रहा है। लगातार इस प्रकार के मामले आवासों में सामने आ रहे हैं। ऐसे में यहां रहने वाले कर्मियों और उनके परिजनों को अंदेशा है कि पता नहीं कब क्या हो जाए। सिविल मेंटेनेंस को इस तरह की परेशानियों के बारे में जानकारी दी गई। सुधार की जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी लेकिन अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। इसके कारण परेशानियां बढ़ी हुई हैं।

एसडीएम कोरबा श्रीकांत वर्मा ने बताया कि आवासों में बारिश के कारण सीपेज की छिटपुट समस्या तो है लेकिन दूसरे तरह के खतरों की जानकारी नहीं है।

# खरमोरा क्षेत्र में वर्षा से कटाव आवाजाही के विकल्प हुए बाधित



**कोरबा।** क्रमबद्ध रूप से हो रही बारिश तरह-तरह की परेशानियों को खड़ा कर रही है। लोग इससे मुश्किल में हैं। नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत खरमोरा वार्ड के एक हिस्से में भारी बारिश से एक कच्ची सड़क में कटाव हो गया। इस चक्कर में आवाजाही की मुश्किलें पैदा हो गई।

आज सुबह यह मामला हुआ। इस दौरान कुछ गाड़ियों को रास्ते से निकालने की कोशिश की गई और यह बेहद पेचिदा हो गया। गाड़ियां मौके से नहीं निकल सकीं। इस दौरान काफी लोगों को जोर आजमाइश करनी पड़ी, तब कहीं जाकर यथास्थिति बनाई जा सकी और बड़े नुकसान को रोका जा सकना संभव हो सका। खबर होने पर पार्षद और अन्य संबंधित यहां पहुंचे। विश्लेषण के आधार पर निष्कर्ष निकाला गया कि अनावश्यक हस्तक्षेप करने से बारिश के मौसम में पानी को स्वाभाविक रूप से निकलने का रास्ता नहीं मिल रहा है ऐसे में तमाम तरह की दुश्वारियां हो रही हैं।

# पंचायत भवन में स्कूल की कक्षाएं लगाने की मजबूरी

## दो वर्ष से ऐसे ही चल रहा काम



**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के अंतर्गत मातिन गांव में प्रायमरी स्कूल की कक्षाएं पंचायत भवन में चल रही है वह भी पूरे दो साल से। इसके चलते पंचायत के कामकाज में समस्याएं हो रही है। अधिकारियों को इस बारे में अवगत कराने के बाद भी कोई परिणाम नहीं आ सके।

मातिन पंचायत में स्कूल भवन के लिए प्रस्ताव दो वर्ष पहले तैयार होने के साथ स्वीकृत कर लिया गया लेकिन भवन का अतापता नहीं है। इसके अभाव में शिक्षा विभाग को यहां के स्कूल का संचालन करने के लिए पंचायत भवन का बड़ा हिस्सा ले लिया गया। इसमें कक्षाएं संचालन से लेकर दूसरे काम कराए जा रहे हैं। अच्छा भवन मिलने से शिक्षकों और विद्यार्थियों को राहत है और उनका कामकाज बेहतर तरीके से चल रहा है। लेकिन इस चक्कर में ग्राम पंचायत के नियमित कार्यों और ग्रामसभा का आयोजन करने के दौरान कई प्रकार की मुश्किलें पेश आ रही हैं। पंचायत ने व्यवहारिक परेशानियों के बारे में प्रशासन के अधिकारियों को सूचित किया है, उन्हें आश्वासन जरूरी मिले कि व्यवस्था को जल्दी ठीक किया जाएगा और पंचायत को उसका भवन वापस कर दिया जाएगा। लेकिन अब तक मामला जहां के तहां अटका हुआ है। इस बारे में पंचायत ग्रामीण विकास ग्रामीण मंत्री के पास भी जानकारी भेजे जाने का पता चला है।

### ली जाएगी जाएगी

*मातिन का प्राइमरी विद्यालय लंबे समय से वैकल्पिक भवन में चल रहा है, मीडिया से यह जानकारी मिली है। बीईओ से पता कराया जाएगा कि मामला कहां पर अटका है। व्यवस्था ठीक हो इसकी कोशिश करेंगे।*

***-टीपी उपाध्याय, डीईओ कोरबा***

## प्रभारी मुख्य अभियंता से कर्मचारी मिले

**कोरबा।** बिजली कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री नवरत्न बरेठ के नेतृत्व में प्रभारी मुख्य अभियंता संजीव कटसन से मुलाकात करते हुए समस्याओं को सामने रखा और उन्हें प्रभार ग्रहण करने पर बधाई दी। यशंवत राठौर, पूर्णिमा साहू, कैदार राठौर संदीप राठौर व अजय मिश्रा ने कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की।


नमः शिवाय
मकान-प्लाट बेचना है
2400 स्क्वायर फीट में डबल स्टोरी मकान व 2400 स्क्वायर फीट का प्लाट बिक्री हेतु उपलब्ध है टीपी नगर कोरबा में
संपर्क करें
62681-46606








स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com